




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है

मीडिया हाउस

में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।

(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)

वेतन चार अंकों में ....

पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 14 अंक - 355 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 7 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# भाजपा ने कई सीटों पर फिर से शुरू किया सर्वे, पितृपक्ष के बाद आएगी दूसरी सूची

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई।** भाजपा की दूसरी सूची लीक होने के बाद उठे विवाद के बवंडर को थामने की कोशिशें चल रही है। प्रदेशभर की कई सीटों पर विरोध के स्वर मुखरित होने के बाद अब पार्टी नए सिरे से सर्वे करवा रही है। इसमें दुर्ग जिले की भी कुछ सीटें शामिल होने की खबर है। इधर, दुर्ग शहर सीट से गजेन्द्र यादव का नाम सामने आने के बाद पार्टी दो धड़ों में बंट गई है। एक धड़े ने रायपुर जाकर गजेन्द्र को टिकट देने का विरोध किया है। दुर्ग में भी नए सिरे से सर्वे करवाया जा रहा है। पार्टी सूत्रों का दावा है कि एक-दो दिन में यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। पार्टी की दूसरी सूची पितृपक्ष के बाद जारी किए जाने की बातें सामने आ रही है।



नामों की घोषणा से पहले ही पार्टी प्रत्याशियों की सूची कैसे लीक हो गई, इसकी पार्टी अपने स्तर पर जांच कर रही है, लेकिन छत्तीसगढ़ में प्रत्याशियों के विरोध को देखते हुए भाजपा को कई सीटों पर पुनर्विचार के लिए मजबूर होना पड़ा है। बताते हैं कि छत्तीसगढ़ में दो दर्जन के करीब सीटों पर एक बार फिर से सर्वे शुरू कराया गया है। यह सर्वे संगठनात्मक स्तर पर हो रहा है। इस सर्वे के जरिए यह जानने की कोशिश की जा रही है कि कार्यकर्ताओं के विरोध की वजह क्या है? क्या प्रत्याशी जीतने की स्थिति में है? उसकी क्षेत्र में पकड़ कितनी है? इसके अलावा कौन सा चेहरा सबसे बेहतर हो सकता है, यह भी सर्वे में मुख्य रूप से पता किया जा रहा है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, यह पूरी प्रक्रिया एक-दो दिन की ही है। सर्वे की रिपोर्ट जल्द ही प्रदेश संगठन और उनके जरिए शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाई जाएगी। इसके बाद यदि जरूरी हुआ तो प्रत्याशी का नाम बदला जा सकता है।

### नया नेतृत्व तैयार करने की कवायद

इधर, संगठन से जुड़े एक नेता का कहना था कि पार्टी के पास यह पक्की रिपोर्ट है कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनाना काफी मुश्किल होगा। लेकिन यहां सबसे बड़ी समस्या यह सामने आई है कि प्रदेश के सीनियर नेताओं ने अपने पीछे दूसरी पंक्ति तैयार ही नहीं की है। इसलिए शीर्ष संगठन भविष्य को देखते हुए टिकट का वितरण कर रहा है। उक्त नेता के मुताबिक, जिन लोगों के नाम टिकट के लिए तय किए गए हैं, भले ही वे वर्तमान में जीतने की स्थिति में न हों, लेकिन यह आने वाले समय में पार्टी के लिए नई सीढ़ी साबित होंगे। ऐसे में जरूरी है कि नया नेतृत्व उभारा जाए। क्योंकि छत्तीसगढ़ के बड़े नेता तेजी से बूढ़े हो रहे हैं। विधानसभा के कुछ महीनों बाद ही लोकसभा के भी चुनाव होने हैं। उस वक्त पार्टी के पास एक क्षेत्र से कई चेहरे और उनका क्षेत्रीय प्रभाव होगा। जिसका बेहतर लाभ भी मिलेगा।

### ... तो कांग्रेस का 75 प्लस तय

भाजपा नेताओं का मानना है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व जिस तरह से टिकट वितरण कर रहा है, उससे भाजपा की सरकार बनाना तो दूर अपितु 2018 में मिली कुल 15 सीटों को हासिल करना भी मुश्किल होगा। इससे कांग्रेस का 75 से ज्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य भी सौ फीसद तय होगा। पार्टी के जानकारों का कहना है कि जिस तरह से पहली सूची जारी की गई, उसे देखने के बाद कोई भी भाजपाई आसानी से कह सकता है कि नतीजे क्या होंगे? अब दूसरी सूची में जिस तरह के नामों को तरजीह दी गई, उसने रही-सही कसर भी पूरी कर दी है। गौरतलब है कि हालिया कुछ सर्वे सामने आए हैं, जिसमें भाजपा को 20 से 28 सीटें मिलती हुई बताया गया है। लेकिन पार्टी के स्थानीय नेताओं का कहना है कि जो चेहरे तय किए गए हैं, उन पर जनता का भरोसा हासिल करना काफी मुश्किल होगा।

### चुनावी ऐलान के बाद माहौल बनाएंगे पीएम मोदी

भले ही भाजपा के कई नेताओं को छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने की संभावनाएं नहीं दिख रही हो, किन्तु संगठन यहां कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहा है। भाजपा ने यह फैसला किया गया था कि छत्तीसगढ़ में चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ा जाएगा। इसलिए किसी भी चेहरे को सामने नहीं लाया गया। अब पार्टी पीएम मोदी के चेहरे को भुनाने की तैयारी में है। खबर है कि चुनावी बिगुल बजते ही राज्य के सभी 5 संभागों में प्रधानमंत्री की सभाएं और रैलियां कराई जाएगी। इसके जरिए सभी 90 सीटों को साधने की रणनीति बनाई गई है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि मोदी की लोकप्रियता छत्तीसगढ़ में भी कहीं कम नहीं है। कहा जा रहा है कि यदि आवश्यक हुआ तो मोदी की सभाओं को और भी बढ़ाया जा सकता है। छत्तीसगढ़ में रायपुर (20 सीटें), बिलासपुर (24 सीटें), दुर्ग (20 सीटें), सरगुजा (14 सीटें) और बस्तर (12 सीटें) संभाग हैं।

### कभी भी लग सकती है आचार संहिता

एक ओर जहां राजनीतिक दलों ने चुनाव की तैयारियां तेज़ कर दी है और प्रत्याशियों के चयन की कवायद जारी है तो वहीं दूसरी ओर निर्वाचन आयोग ने भी चुनाव की तैयारियां पूरी कर लीहै। निर्वाचन आयोग की एक टीम 20 दिन पहले छत्तीसगढ़ में तैयारियों की समीक्षा कर चुकी है। कल ही दिल्ली में सभी 5 राज्यों के चुनावों की समीक्षा की गई। इसके बाद कयास लगाया जा रहा है कि रविवार या सोमवार को चुनाव आयोग बैठक कर चुनाव तारीखों का ऐलान कर सकता है। आचार संहिता की संभावनाओं के बीच सरकार में भी सुगबुगाहट देखी जा रही है। बचे हुए और पेंडिंग कामों को जल्द से जल्द पूरा कराया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पहली बार 2003 में चुनाव हुए थे। इसके लिए आचार संहिता 12 अक्टूबर को लागू की गई थी। 2008 में 14 अक्टूबर, 2013 में 4 अक्टूबर और 2018 में 6 अक्टूबर को आचार संहिता लागू की गई थी।

## खास - खबर



### एम्स के डाक्टरों का कमाल : हाथ से कटकर अलग हो गई थी हथेली सात घंटे की सर्जरी के बाद फिर से जोड़ा

**रायपुर।** राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के प्लास्टिक और हड्डी रोग विभाग के डाक्टरों ने हाथ से कटकर अलग हुई हथेली को सात घंटे में पुन: जोड़ने में सफलता पाई है। पीड़ित अब पूरी तरह से स्वस्थ है। भनपुरी निवासी 38 वर्षीय युवक का हाथ 25 सितंबर को लकड़ी काटने की मशीन में आने से कट गया था। हादसे के 90 मिनट के अंदर स्वजन हथेली को बर्फ में रखकर पीड़ित के साथ एम्स के ट्रामा एवं इमरजेंसी पहुंचे।

यहां पर डाक्टरों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत भर्ती कर लिया। प्लास्टिक सर्जरी और हड्डी रोग विभाग के चिकित्सकों ने पीड़ित के कटे हुए हाथ का परीक्षण किया। डाक्टरों ने सर्जरी के माध्यम से हथेली को जोड़ने के लिए तुरंत आपरेशन करने का निर्णय लिया। सात घंटे तक चले आपरेशन में हाथ को पुन: जोड़ने में कामयाबी मिली। हड्डी और नसों को जोड़ने के लिए माइक्रोवस्कुलर तकनीक का प्रयोग किया गया। अभी रोगी का हाथ में प्रतिक्रिया आने लगी है। कुछ ही हफ्तों में इसके पुन: सामान्य होने की उम्मीद है। सर्जरी की टीम में विभागाध्यक्ष डॉ. जितेन कुमार मिश्रा, डॉ. शर्मेंद्र आनंद साहू, आर्थोपेडिक विभाग के डॉ. सुदर्शन, एनेस्थिसिया विभाग के डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी, डॉ. चंदन डे और डॉ. जावेद के साथ रेजिडेंट्स डॉ. अबी, डॉ. अपराजिता, डॉ. जलज, डॉ. अभिजित और डॉ. निकिता शामिल थीं। निदेशक डॉ. अजय सिंह ने सर्जरी पर हर्ष जताया है। डॉ. जितेन कुमार मिश्रा ने बताया कि यदि कटे हुए अंग को समय पर अस्पताल में बर्फ के अंदर संरक्षित अवस्था में पहुंचा दिया जाए तो इसे पुन: प्रतिस्थापित करने की संभावना काफी अधिक होती है। इसके लिए आवश्यक है कि अंग सीधे बर्फ के संपर्क में न आए। यदि कटा हुआ अंग सामान्य अवस्था में है और छह से आठ घंटे के अंदर सर्जरी कर दी जाती है तो यह पुन: कार्यशील हो सकता है।

### छत्तीसगढ़ में थमी बारिश, इस सप्ताह होगी मानसून की विदाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आज शनिवार को और आगामी चार दिनों तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। प्रदेश में लगभग बारिश थम ही गई है। इसके प्रभाव से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। आगामी चार दिनों तो तापमान बदलने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, इस सप्ताह में मानसून की विदाई हो जाएगी। बीते दिनों से प्रदेश में उमस और गर्मी से लोग काफी परेशान हैं। बीते दिनों शुक्रवार को राजधानी रायपुर में अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री कम है।

छत्तीसगढ़ में बारिश की आंकड़े देखने पर सबसे ज्यादा बारिश बीजापुर में हुई है। वहीं सबसे काम बारिश सरगुजा में हुई है। प्रदेशभर में 1 जून से अब तक 1 हजार 36 मिली मीटर से अधिक बारिश हो चुकी है। वहीं राजधानी रायपुर में 100 मिमी से ज्यादा बारिश हुई है।

## इजराइल के कई शहरों पर आतंकी संगठन हमास का हमला, फिर जंग छिड़ने की आशंका

**यरूशलम (एजेंसी)।** फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास ने इजरायल के कई शहरों पर रॉकेट से हमला किया है, जिसमें एक महिला की मौत हो गई है और करीब 15 लोग घायल हो गए है। हमले के कारण्क्ष ण इजरायली शहर अश्क लोन में कई इमारतों के पास आग लग गई है और घटनास्थल से काले धुएं का गुबार उठ रहा है। यहां सड़कों पर गोलियों की आवाजें सुनाई दे रही है। इजराइल के कई शहरों पर हमलों की जिम्मेदारी आतंकी संगठन हमास ने ली है। हमास के सैन्य कमांडर मुहम्मद अल-दीफ़ ने शनिवार को एक रिकॉर्ड संदेश में इजराइल के खिलाफ एक विद्रोह का आह्वान किया।



इजराइल में आतंकी हमलों को देखते हुए हवाई उड़ानों को अस्थायी तौर पर रोक लगा दी है। इजराइल के हवाई अड्डा प्राधिकरण ने जानकारी दी है कि दक्षिणी और मध्य इजराइल में कई हवाई अड्डे अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं। वहीं तेल अवीव में बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा का संचालन जारी रहेगा।


### इजराइल ने दी परिणाम भुगतने की धमकी

इजराइल ने इस आतंकी हमले को युद्ध की घोषणा बताया है। गाजा पट्टी से भारी मात्रा में रॉकेटों की बौछार के बीच इजरायल ने शनिवार सुबह युद्ध के लिए तत्परता की स्थिति की घोषणा कर दी है। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि चीफऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं और कार्य योजनाओं को मंजूरी दे रहे हैं। इजरायली सेना ने कहा है कि 'हमास आतंकवादी समूह को बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।' वहीं भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यहूदी छुट्टियों के दौरान इजराइल पर गाजा से रॉकेट और हमास आतंकवादियों की जमीनी घुसपैठ दोनों से संयुक्त हमला हो रहा है। स्थिति आसान नहीं है, लेकिन इजराइल जीतेगा। इस दौरान इजरायल ने लोगों को घरों में रहने की अपील की है।

## एशियाई खेल-2023: भारत ने लगाया पदकों का शतक पहली बार पाई यह उपलब्धि, पीएम मोदी ने दी बधाई

**हांगझोऊ (एजेंसी)।** एशियाई खेलों में भारत ने इतिहास रच दिया है। एशियाई खेलों के इतिहास में पहली बार भारत ने पदकों का शतक पूरा किया। भारत ने यह उपलब्धि प्रतियोगिता के 14वें पाई। 14 वें दिन भारत की झोली में तीन स्वर्ण, एक रजत व एक कांस्य पदक आया और इसके साथ ही पदकों का सैकड़ा पूरा हो गया। भारत की उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत के लोग रोमांचित हैं कि हमने 100 पदकों की उपलब्धि हासिल की। उन्होंने कहा ,''एशियाई खेलों में भारत के लिये महत्वपूर्ण उपलब्धि। मैं हमारे शानदार खिलाड़ियों को बधाई देता हूं जिनके प्रयासों से भारत ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

एशियाई खेलों के शुरुआती 13 दिन में 95 पदक हासिल करने वाले भारत ने 14वें दिन 100 का जादुई आंकड़ा छुआ और पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। एशियाई खेलों के इतिहास में भारत ने पहली बार पदकों का शतक लगाया है। इस प्रतियोगिता में यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत को पहले दिन पांच, दूसरे दिन छह, तीसरे दिन तीन, चौथे दिन आठ, पांचवें दिन तीन, छठे दिन आठ, सातवें दिन पांच, आठवें दिन 15, नौवें दिन सात, दसवें दिन नौ, 11वें दिन 12, 12वें दिन पांच और 13वें दिन नौ पदक मिले थे। 14वें दिन पांचवां पदक जीतने के साथ ही भारत के पदकों का शतक हो गया।



### तीन स्वर्ण सहित पांच पदक

एशियाई खेलों में 14वें दिन की सुबह भारत की झोली में पांच पदक आए। शूटिंग में ज्योति और ओजस ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, महिला कबड्डी टीम भी स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही। तीरंदाजी में अभिषेक ने रजत और अदिति ने कांस्य पदक अपने नाम किया। दिन का पहला पदक कंपाउंड तीरंदाजी में ही आया। अदिति ने महिला एकल में कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके बाद इसी प्रतियोगिता में ज्योति ने स्वर्ण पदक जीता। पुरुषों की कंपाउंड तीरंदाजी प्रतियोगिता का फाइनल अभिषेक और ओजस के बीच था। ऐसे में भारक दोनों पदक पहले से ही पक्के थे। ओजस ने फाइनल में बेहतर प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि अभिषेक को रजत से संतोष करना पड़ा। इसके बाद महिला कबड्डी टीम ने चीनी ताइपे को हराकर लगातार चौथी बार एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

### 1951 में हुई थी एशियाई खेलों की शुरुआत

एशियाई खेलों की शुरुआत 1951 में हुई थी। दिल्ली में इसका आयोजन किया गया था और मेजबान भारत ने कुल 51 पदक जीते थे। इसमें 15 स्वर्ण, 16 रजत और 20 कांस्य पदक शामिल थे। पदक तालिका में भारत दूसरे स्थान पर था। इसके बाद भारत को 50 पदक हासिल करने के लिए 31 साल का इंतजार करना पड़ा। 1982 में नई दिल्ली में आयोजित एशियाई खेलों में भारत ने 13 स्वर्ण सहित 57 पदक जीते। 1954 में भारत ने कुल 17 और 1958 में सिर्फ 13 पदक जीते, जबकि 1951 में भारत ने 15 स्वर्ण जीते थे। 1990 में ऐसा मौका भी आया, जब पदक तालिका में भारत शीर्ष 10 में भी नहीं था। 1998 से भारत के प्रदर्शन में सुधार आया और 2006 में पहली बार भारत ने घर से बाहर 50 से ज्यादा पदक जीते। इसके बाद से भारत लगातार 50 से ज्यादा पदक जीतता आया है। अब 2023 में भारत ने 100 पदकों का आंकड़ा पूरा कर लिया।

## आखरी ओवर में भूपेश के दनादन छक्के

श्रीकंचनपथ




प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार इस मैच का अपना आखिरी ओवर खेल रही है। चमत्कारी बल्लेबाज की तरह इस आखिरी ओवर से वो पूरे 36 रन निकालना चाह रही है। उम्मीद है कि ओवर में दो चार नो-बॉल भी खेलने को मिल जाएंगे। केन्द्र ने मिलेट्स मिशन शुरू किया। आज पूरी दुनिया मिलेट वर्ष मना रही है। छत्तीसगढ़ ने मिलेट्स को भी रोजगार से जोड़ दिया। आज मिलेट्स कैफे में इन गौण अनाजों से बने तरह-तरह के पकवानों की बहार आई हुई है। लोग इसे ट्राई भी कर रहे हैं और पसंद भी कर रहे हैं। खासकर जिन्हें अपने स्वास्थ्य से प्रेम है, वो मिलेट्स को किसी न किसी रूप में अपने आहार में शामिल करने की कोशिश कर रहे हैं। पर मास्टर स्ट्रोक खेला जाना अभी बाकी था। आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले भूपेश बघेल ने आखिरी ओवर में छक्के मारने शुरू कर दिये। सरकार ने कोदो और कुटकी को क्रमश: 3200 और 3350 रुपए के समर्थन मूल्य पर खरीदने की घोषणा कर दी। अभी लोग मुंह बाए इस शॉट को देख ही रहे थे कि बिजली कंपनी के लगभग 10 हजार अधिकारी-कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल कर दिया। राज्य महुआ बोर्ड के गठन की भी घोषणा कर दी। बोर्ड - महुआ संग्रहण, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण और उपयोग को बढ़ावा देगा। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के हड़ताली अधिकारियों-कर्मचारियों पर एस्मा के तहत की गई कार्रवाई को शून्य घोषित कर दिया। दरअसल, विधानसभा चुनाव को चंद माह रह गए हैं। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो चुका है। चुनाव तिथि की घोषणा किसी भी दिन हो सकती है। इसके साथ ही लागू हो जाएगी आचार संहिता। इसके बाद नई घोषणाएं नहीं हो पाएंगी। इसके बाद केवल आधा सच, आधी झूठ वाला घोषणा पत्र जारी होगा। सरकार किसी की भी बने, उसपर बहस पांच साल बाद होगी। इसलिए, चुनाव अधिसूचना जारी होने से पहले के शेष दिनों को इस मैच का आखिरी ओवर कहा जा सकता है। विधानसभा चुनावों में वैसे भी राज्य सरकार का पलड़ा हमेशा भारी होता है। खासकर तब, जब उसका पूरा फोकस राज्य पर होता है। छत्तीसगढ़ कई मामलों में बेहद समृद्ध है। धान, तेंदूपत्ता और खनिज को छोड़ भी दें तो वनोपज, महुआ और गौण अनाज के मामले में भी छत्तीसगढ़ बेहद समृद्ध है। इनके संग्रह मूल्य और बाजार मूल्य में इतना ज्यादा अन्तर है कि यदि बीच की कड़ियों को खत्म कर दिया जाए तो विकास के अंतिम पायदान पर खड़ा संग्राहक रातों रात अमीर हो सकता है। इसकी कमाई से अब तक केवल मुट्ठी भर व्यापारी ही लाल होते रहे हैं। केन्द्र की प्राथमिकता मालदारों को और मालदार बनाने की है ताकि वो रोजगार का सृजन कर सकें। वहीं राज्य सरकार चाहती है कि संग्राहक और उत्पादक को भरपूर पैसा मिले ताकि इसी पैसे से बाजार उठे। प्राथमिकताओं के इस अंतर को समझ गए तो अच्छा होगा।




## संपादकीय

# गणना पर रोक नहीं

सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में जाति सर्वेक्षण पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है और इस पर बिहार सरकार की प्रतिक्रिया मांगी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ ने सरकार को अब तक प्रकाशित आंकड़ों पर आगे कोई कार्रवाई करने से रोकने या सर्वेक्षण के परिणाम प्रकाशित करने के किसी भी कदम में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। एक सोच एक प्रयास बनाम भारत संघ और अन्य का यह मामला अभी पूरी तरह से शांत नहीं होने वाला। पहले भी पटना उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक जातिगत गणना को रोकने के लिए एकाधिक बार दस्तक दी गई है, पर ज्यादातर बार न्यायालय का रुख गणना के पक्ष में ही रहा है। चुनौतियों के बावजूद अदालती सहमति से गणना हो चुकी है और उसके आंकड़े भी जारी हो चुके हैं। इसके बावजूद सर्वोच्च न्यायालय में इसे चुनौती देना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। जब अनेक राज्यों में ऐसी ही गणना या आंकड़े जारी करने की तैयारी है, और यह एक तरह से बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गया है। ऐसे में, न्यायालय का दरवाजा बार-बार खटखटाने के भला क्या मायने हैं? क्या यह संसाधन के साथ-साथ अदालती समय की बर्बादी नहीं है? अदालत को भी सचेत भाव से अंतिम तौर पर इस विवाद का पटाक्षेप करना चाहिए। यह चुनौती बहुत गंभीर मामला नहीं है और इसलिए मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2024 में रखी गई है। तब तक बिहार सरकार के पास पर्याप्त समय है कि वह इन आंकड़ों के सहारे अपनी कुछ अच्छी योजनाओं को आकार दे और अदालत में ज्यादा मजबूती से जवाब दे। गोपनीयता या निजता के उल्लंघन का हवाला देकर जाति गणना को रुकवाने का आधार कमजोर है। भारत में किसी की जाति के बारे में जानना बहुत आसान है। लोग अपनी-अपनी जाति का लाभ लेने से खुद को अभी अलग नहीं कर पाए हैं। अतः किसी की जाति निजता का मामला नहीं है। अनेक सरकारी कागजों में जाति का उल्लेख होता है। शायद ही कोई पार्टी होगी, जिसके पास किसी इलाके के जातिगत आंकड़े न होंगे, पर ऐसे अनधिकृत आंकड़ों पर कभी रोक नहीं रही है। अब जब आधिकारिक रूप से गणना हुई है, तब उस पर रोक की तो कोई गुंजाइश ही नहीं बनती है। विरोध का एक दूसरा पहलू भी है, जिसकी दुहाई केंद्रीय गृह मंत्रालय अपने जवाबी हलफनामे में पहले दे चुका है कि 1948 में बने जनगणना अधिनियम के तहत केवल केंद्र सरकार ही जनगणना कर सकती है, पर बिहार सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि यह जनगणना नहीं है, यह सामान्य गणना या सर्वेक्षण है। पटना उच्च न्यायालय भी मान चुका है कि यह सर्वेक्षण उचित योग्यता और न्याय के साथ विकास के वैध उद्देश्य से शुरू किया गया। आज के समय में जाति एक बड़ी सच्चाई है। उसके आधार पर अगर कोई सुविधा किसी को हासिल हो रही है, तो वह आसानी से खत्म नहीं होने वाली। अतः देश के लोग जाति और उससे संबंधित गणना को विकास व सामाजिक न्याय के नजरिये से सही मानकर चलें, इसी में सबका भला है। आधुनिक होते देश में जाति संबंधी पुख्ता आंकड़े जरूरी हैं, यह कतई कमतर मानसिकता नहीं है। सही तरीका यही है कि समावेशी विकास से जाति के प्रभाव को धीरे-धीरे खत्म किया जाए, ताकि जाति की गणना की जरूरत न रह जाए, लेकिन इस काम में अभी बहुत समय लगेगा।

> “ अनेक सरकारी कागजों में जाति का उल्लेख होता है। शायद ही कोई पार्टी होगी, जिसके पास किसी इलाके के जातिगत आंकड़े न होंगे, पर ऐसे अनधिकृत आंकड़ों पर कभी रोक नहीं रही है। अब जब आधिकारिक रूप से गणना हुई है, तब उस पर रोक की तो कोई गुंजाइश ही नहीं बनती है।

## तनाव बढ़ाने की रणनीति ?

नरेंद्र मोदी सरकार भारत वासियों को यह संदेश देना चाहती है कि कनाडा ने भारत पर गंभीर आरोप लगाए, तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। इस सिलसिले में अब भारत सरकार ने कनाडा के 41 राजनयिकों को 10 अक्टूबर तक देश छोड़ने के लिए कहा है। साथ ही चेतावनी दी है कि ये राजनयिक उस समयसीमा के बाद भी भारत में बने रहे, सरकार उन्हें मिला कूटनीतिक अभयदान वापस ले लेगी। खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर कनाडा के आरोप लगाने के बाद भारत की ओर से लिया गया यह एक और सख्त कदम है। बहरहाल, इससे भारत के क्या मकसद हासिल होंगे, यह साफ नहीं है। इस प्रकरण में अब तक यह साफ हो चुका है कि निज्जर हत्याकांड में भारत का हाथ होने का आरोप लगाने से पहले कनाडा ने फाइव आई गठबंधन में शामिल सभी देशों ने आपस में कथित साक्ष्य साझा किए थे। अमेरिका की तरफ से ऐसे अनेक बयान आ चुके हैं, जिनमें भारत से कनाडा की जांच में सहयोग करने को कहा गया है। बल्कि कनाडा स्थित अमेरिका राजदूत ने यह भी कहा था कि कनाडा को हत्याकांड में भारत के कथित हाथ की सूचना फाइव आई के खुफिया साझा करने के सिस्टम के तहत दी गई थी। यह खबर आ चुकी है कि निज्जर हत्याकांड के बाद अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने अपने यहां कई सिख कार्यकर्ताओं को उनकी जान खतरे में होने संबंधी चेतावनी दी थी। तो प्रश्न है कि क्या भारत सरकार ने इस बारे में अमेरिका से स्पष्टीकरण मांगा है? मुद्दा यह है कि अगर भारत पर यह गंभीर आरोप पांच देशों- अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड- के साझा सिस्टम के तहत लगा, तो क्या बिना उन सभी से दो टूक बात किए भारत इस लांछन से मुक्त हो पाएगा? इस बारे भारत को तय यह करना है कि उसे लांछन-मुक्त होना है, या उन देशों से टकराव बढ़ाना है? अगर टकराव बढ़ाना सरकार ने उचित रणनीति माना है, तो फिर उसे यही सख्त रुख अमेरिका सहित बाकी देशों के खिलाफ भी अपनाना चाहिए। वरना, इसका प्रभाव घरेलू राजनीति तक सीमित रह जाएगा।

## आप में आगे किसकी बारी?

मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और अब संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी के नेता डरे हुए हैं। सबको गिरफ्तारी की चिंता सता रही है। तभी दिल्ली के राजनीतिक सर्किल में यह बात पूछा जा रहा है कि अब किसकी बारी है? क्या केंद्र सरकार की एजेंसियां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई करेंगी? संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद भाजपा ने आप कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और नारा लगाया कि केजरीवाल के लिए भी हथकड़ी पहुंचने वाली है। असल में शराब घोटाले में पार्टी के कई नेताओं के नाम आ रहे हैं या लाए जा रहे हैं। वाईएसआर कांग्रेस के एक सांसद के रिश्तेदार के साथ साथ एक कारोबारी दिनेश अरोड़ा सरकारी गवाह बन गए हैं। उसके बाद ही आप के नेताओं की चिंता बढ़ी है।

संजय सिंह की गिरफ्तारी का एक कारण यह बताया जा रहा है कि उन्होंने दिनेश अरोड़ा को अरविंद केजरीवाल से मिलवाया था और पार्टी के लिए 82 लाख रुपए का चंदा वसूला था। जब मिलवाने वाले व्यक्ति को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया तो सोचा जा सकता है कि मिलने वाली यानी केजरीवाल के लिए कितनी मुश्किल हो सकती है। हालांकि यह सबको पता है कि उन्होंने किसी फाइल पर दस्तखत नहीं किया होगा। लेकिन अगर शराब नीति में बदलाव करने के बदले पार्टी को पैसे मिलने का कोई सबूत मिलता है तो निश्चित रूप से पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के नाते केजरीवाल मुश्किल में आएंगे। ईडी के एक आरोपपत्र में आप के सांसद राघव चड्ढा का भी नाम है। हालांकि वे आरोपी नहीं बनाए गए हैं लेकिन एजेंसियों को किसी को आरोपी बनाने में कितना समय लगता है! तभी आम आदमी पार्टी में चिंता बढ़ी है और पार्टी के नेता इस मुश्किल को मौके में बदलने के प्रयास में लगे हैं।

> “ हरित क्रांति में भारत की ‘कैन डु’ की भावना झलकती है, यानी कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। अगर हमारे सामने करोड़ों चुनौतियां हैं, तो उन चुनौतियों पर विजय पाने के लिए इनोवेशन की लौ जलाने वाले करोड़ों प्रतिभाशाली लोग भी हैं। हरित क्रांति शुरू होने के पांच दशक बाद भारतीय कृषि पहले से अधिक आधुनिक और प्रगतिशील हो गई है, लेकिन प्रो. स्वामीनाथन द्वारा रखी गई नींव को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# कृषि में स्वामीनाथन जो नींव रख गए

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री, भारत



प्रोफेसर एम एस स्वामीनाथन अब हमारे बीच नहीं हैं। देश ने एक ऐसे दूरदर्शी व्यक्ति को खोया है, जिन्होंने भारत के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किए। हमने एक ऐसे महान व्यक्ति को खोया है, जिनका भारत के लिए योगदान हमेशा स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। प्रो. स्वामीनाथन भारत से प्रेम करते थे और चाहते थे कि हमारा देश, विशेषकर हमारे किसान समृद्धि के साथ जीवन-यापन करें। वह अकादमिक रूप से प्रतिभाशाली थे और किसी भी करियर का विकल्प चुन सकते थे, लेकिन 1943 के बंगाल के अकाल से वह इतने द्रवित हुए कि उन्होंने तय कर लिया कि अगर कोई एक चीज, जिसे वह करना चाहेंगे, वह है कृषि क्षेत्र का कायाकल्प!

बहुत छोटी उम्र में वह डॉ नॉर्मन बोरलॉग के संपर्क में आए और उनके काम को गहराई से समझा। 1950 के दशक में अमेरिका ने उन्हें एक फैकल्टी के तौर पर जुड़ने का आग्रह किया, लेकिन प्रो. स्वामीनाथन ने इसे अस्वीकार कर दिया, क्योंकि वह भारत में रहकर देश के लिए काम करना चाहते थे। आज हम सबको दशकों पहले की उन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बारे में विचार करना चाहिए, जिनका प्रो. स्वामीनाथन ने डटकर सामना किया और वह भारत को आत्मनिर्भरता व आत्मविश्वास के मार्ग पर आगे ले गए।

आजादी के बाद के पहले दो दशकों में हम कई चुनौतियों का सामना कर रहे थे। उनमें से एक थी- खाद्यान्न की कमी। 1960 के दशक की शुरुआत में भारत अकाल से जूझ रहा था। इसी दौरान, प्रो. स्वामीनाथन की प्रतिबद्धता व दूरदर्शिता ने कृषि क्षेत्र के एक नए युग की शुरुआत की। कृषि व गेहूं प्रजनन जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में उनके अग्रणी कार्यों से गेहूं उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ऐसे प्रयासों का ही परिणाम था कि भारत खाद्यान्न की कमी वाले देश से एक आत्मनिर्भर राष्ट्र में परिवर्तित हो गया। इस शानदार उपलब्धि की वजह से उन्हें ‘भारतीय हरित क्रांति के जनक’ की उपाधि मिली, जो बिल्कुल सही भी है।

हरित क्रांति में भारत की ‘कैन डु’ की भावना झलकती है, यानी कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। अगर हमारे सामने करोड़ों चुनौतियां हैं, तो उन चुनौतियों पर विजय पाने के लिए इनोवेशन की लौ जलाने वाले करोड़ों प्रतिभाशाली लोग भी हैं। हरित क्रांति शुरू होने के पांच दशक बाद भारतीय कृषि पहले से अधिक आधुनिक और प्रगतिशील हो गई है, लेकिन प्रो. स्वामीनाथन द्वारा रखी गई नींव को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

प्रो. स्वामीनाथन ने आलू को प्रभावित करने वाले कीटों से निपटने की दिशा में भी प्रभावी अनुसंधान किया था। उनके शोध ने आलू की फसलों को ठंड के मौसम का सामना करने में सक्षम बनाया। आज दुनिया सुपर फूड के रूप में ‘मिलेट्स’ या श्रीअन्न के बारे में बात कर रही है, पर प्रो. स्वामीनाथन ने 1990 के दशक से ही ‘मिलेट्स’ की चर्चा को प्रोत्साहित किया था।

प्रो. स्वामीनाथन के साथ मेरी व्यक्तिगत बातचीत का दायरा बहुत व्यापक था। इसकी शुरुआत 2001 में मेरे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद हुई। उन दिनों, गुजरात आज की तरह अपने कृषि सामर्थ्य के लिए नहीं जाना जाता था। हर कुछ साल पर पड़ने वाले सूखे, तबाही लाने वाले चक्रवात और भूकंप ने राज्य की विकास यात्रा को बुरी तरह प्रभावित किया था। उसी दौर में हमने ‘सॉइल हेल्थ कार्ड’ की पहल की थी। हमारी कोशिश थी कि किसानों को मिट्टी को बेहतर ढंग से समझने और समस्या आने पर उसका समाधान करने में मदद मिले। इसी सिलसिले में मेरी मुलाकात प्रो. स्वामीनाथन से हुई। उन्होंने इस योजना की सराहना की और बहुमूल्य सुझाव भी दिए। उनका समर्थन उन लोगों को समझाने के लिए पर्याप्त था, जो इसे लेकर संशय में थे। अंततः इस योजना ने गुजरात में कृषि क्षेत्र की सफलता का सूत्रपात कर दिया।

मेरे मुख्यमंत्री रहने के दौरान और उसके बाद जब मैंने प्रधानमंत्री का पद संभाला, तब भी हमारी बातचीत चलती रही। मैं उनसे 2016 में ‘इंटरनेशनल एग्रो-बायोडायवर्सिटी कांग्रेस’ में मिला और अगले वर्ष 2017 में मैंने उनके द्वारा लिखित दो भाग वाली पुस्तक शृंखला लोकार्पित की।

कुरल ग्रंथ के मुताबिक, किसान वह धुरी है, जिसके चारों तरफ दुनिया घूमती है। यह किसान ही हैं, जो सबका भरण-पोषण करते हैं। प्रो. स्वामीनाथन इस सिद्धांत को अच्छी तरह समझते थे। बहुत से लोग उन्हें ‘कृषि-वैज्ञानिक’ कहते हैं, लेकिन मेरा हमेशा से मानना रहा है कि उनके व्यक्तित्व का विस्तार इससे कहीं ज्यादा था। वह एक सच्चे ‘किसान वैज्ञानिक’ थे, यानी किसानों के वैज्ञानिक। उनके दिल में एक किसान बसता था। उनके कार्यों की सफलता प्रयोगशालाओं के बाहर, खेतों व मैदानों में दिखती है। उनके कार्य ने ‘साइंटिफिक नॉलेज’ और उसके व्यावहारिक उपयोग के बीच के अंतर को कम कर दिया। यहां मैं विशेष तौर पर कहना चाहूंगा कि प्रो. स्वामीनाथन ने छोटे किसानों के जीवन को बेहतर बनाने और उन तक इनोवेशन का लाभ पहुंचाने पर बहुत जोर दिया। वह विशेष रूप से महिला किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रति समर्पित थे।

प्रोफेसर एम एस स्वामीनाथन के व्यक्तित्व का एक और पहलू है, जो उल्लेखनीय है। वह ‘इनोवेशन’ और ‘मेंटोरशिप’ को बहुत बढ़ावा देते थे। जब 1987 में उन्हें पहला ‘वर्ल्ड फूड प्राइज’ मिला, तो उन्होंने इसकी पुरस्कार-राशि का उपयोग एक गैर-लाभकारी रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना में किया। आज भी यह फाउंडेशन विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कार्य कर रहा है। उन्हें कई ऐसे केंद्रों की स्थापना का श्रेय जाता है, जहां आज ‘वाइब्रेंट रिसर्च’ हो रही है। उन्होंने कुछ समय तक मनीला स्थित ‘इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट’ में भी अहम जिम्मेदारी निभाई थी। दक्षिण एशिया में इस संस्थान का क्षेत्रीय केंद्र 2018 में वाराणसी में खोला गया था।

मैं प्रो. स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि देने के लिए फिर कुरल ग्रंथ को उद्धृत करूंगा। उसमें लिखा है, ‘यदि योजना बनाने वालों में दृढ़ता हो, तो वे वही परिणाम हासिल करेंगे, जो वे चाहते हैं।’ प्रो. स्वामीनाथन एक ऐसे दिग्गज व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने जीवन की शुरुआत में ही तय कर लिया था कि वह कृषि और किसानों की सेवा करेंगे। उन्होंने इस संकल्प को रचनात्मक तरीके से और जुनून के साथ निभाया।

जैसे-जैसे हम ‘एग्रीकल्चरल इनोवेशन’ व ‘सस्टेनेबिलिटी’ की राह पर आगे बढ़ेंगे, प्रो. स्वामीनाथन का योगदान हमें निरंतर प्रेरित व मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा। हमें उन सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते रहना होगा, जो उन्हें बेहद प्रिय थे। इन सिद्धांतों में किसानों के हितों की वकालत करना, ‘साइंटिफिक इनोवेशन’ के लाभ को कृषि विस्तार की जड़ों तक पहुंचना और आने वाली पीढ़ियों के लिए विकास, स्थिरता व समृद्धि को बढ़ावा देना शामिल है।

# जातिगत गैर-बराबरी की खाइयों को पाटना जरूरी

तेजस्वी प्रसाद यादव, उप-मुख्यमंत्री, बिहार

यह लेख मैं सभी पाठकों के साथ हाल ही में संपन्न हुई जातिगत गणना पर अपने विचार साझा करने के लिए लिख रहा हूं। इस विषय पर जितनी खुलकर चर्चा हो, उतना अच्छा है। सामाजिक न्याय के मामले में आज भी अगर हमारी सोच और बातचीत का दायरा संकीर्ण है, तो इसका एक बड़ा कारण यह है कि हम लंबे समय से इस विषय पर पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर व्यापक बातचीत नहीं कर पाए हैं, पर सामाजिक न्याय के मामलों को हम अनिश्चितकालीन इतिहास के प्रतीक्षालय में नहीं छोड़ सकते। समय की मांग है कि शोषित, वंचित, पिछड़े वर्गों के मुद्दों को सुना-समझा जाए। धैर्य और सहानुभूति के साथ उनसे जुड़ा जाए और जातिगत गणना के संदर्भ को समझकर, स्वीकार कर उनके साथ आगे बढ़ा जाए।

जाति-व्यवस्था समाज को अलग-अलग हिस्सों में बांटती है। इस क्रम में कोई ऊपर है, तो कोई नीचे। जाहिर है, जो ऊपर है, वह मजबूत; जो नीचे है, वह कमजोर। जाति-व्यवस्था को मनुष्य ने बनाया है और उसी ने बरकरार रखा है। समकालीन आधुनिक समाज में इस बात को कोई नकार नहीं सकता। क्या कोई भी संवेदनशील व्यक्ति यह मान सकता है कि सारे मनुष्य बराबर नहीं हैं? यह व्यवस्था प्राकृतिक नहीं है। कभी इसे धर्म के आधार पर सही ठहराया गया, तो कभी संस्कृति के। यह व्यवस्था इतनी मजबूत है कि समय के साथ-साथ सामाजिक असमानता की खाइयां गहरी हो रही हैं। असमानता की इन्हीं खाइयों को पाटने के लिए इनकी गहराई व चौड़ाई मापना जरूरी है। बिहार जातिगत गणना के साथ हमने यही काम शुरू किया है।



पिछली जातिगत जनगणना 1931 में ब्रिटिश राज के दौरान हुई थी। अगर बिहार में हुई जातिगत गणना के आंकड़े देखे जाएं, तो यह दुखद एहसास होता है कि बीती एक सदी में हमें शोषित, वंचित, पिछड़े वर्गों के उत्थान और हितों की रक्षा के लिए बहुत कुछ करना चाहिए था। बहुत लंबे समय से राष्ट्र-निर्माण के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर निर्णयों में समाज के एक छोटे वर्ग का अनुपातहीन प्रभाव रहा है। इसीलिए हम चाहते हैं कि जातीय असमानता के तमाम मुद्दों पर आंकड़ों के साथ चर्चा और साक्ष्य पर आधारित नीति-निर्माण हो।

हमारा यह स्पष्ट मत रहा है कि जाति-व्यवस्था को अनदेखा नहीं किया जा सकता, क्योंकि असमानता सिर्फ आर्थिक नहीं है, सामाजिक भी है। अगर हम समाज को ठीक से समझेंगे नहीं, तो फिर उसकी कमियों से कैसे निपटेंगे? बाबा साहेब आंबेडकर के अनुयायी होने के नाते हमारा मानना है कि जाति-व्यवस्था के विनाश के बिना जाति का विनाश असंभव है।

जातिगत गणना को लेकर कुछ गलतफहमियां और अफवाहें पनप रही हैं। ‘जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी’ का नारा बिहार जातीय गणना के संदर्भ में एक बार फिर मुखर होकर लगाया गया है। इसमें कोई दबी-छिपी मांग नहीं है। आरक्षण की मांग इस नारे का एक ऐतिहासिक हिस्सा है, लेकिन आज के दौर में बात सिर्फ आरक्षण से शुरू होकर आरक्षण पर खत्म नहीं हो सकती। इस नारे में सम्मान और गरिमापूर्ण जिंदगी जीने के सुर भी हैं।

आरक्षण का लाभ किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, उससे जुड़े परिवार व समुदाय को भी होता है, पर इन समुदायों को लगातार योग्यता, गुणवत्ता और विपरीत भेदभाव के दावों का सामना करना पड़ता है। आरक्षण और तमाम सकारात्मक कार्रवाई की नीतियां मौजूदा असंतुलन को ठीक करने के लिए डिजाइन की गई हैं, न कि किसी विशेष समूह के साथ भेदभाव करने के लिए। ये नीतियां दूसरों को नुकसान पहुंचाए बिना समावेशिता और आनुपातिकता के लिए प्रयास करती हैं।

ऐतिहासिक रूप से विशेषाधिकार प्राप्त पृष्ठभूमि के व्यक्तियों पर किसी भी संभावित नकारात्मक प्रभाव को कम करने के लिए सकारात्मक कार्रवाई कार्यक्रमों के पैमाने और दायरे को समायोजित किया जा सकता है। जैसे, सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में जब ओबीसी कोटा लागू किया गया, तब इसका समग्र विस्तार इस तरह हुआ कि अनारक्षित सीटें पूर्ण संख्या में अपरिवर्तित रहीं, हालांकि, उनका प्रतिशत कम हो गया। हमें इसी तरह की सोच के साथ आगे बढ़ना है। मौजूदा संसाधनों को बढ़ाना है, ताकि कम से कम सामाजिक घर्षण के साथ आनुपातिक हिस्सेदारी के लक्ष्य को हासिल कर सकें।

योग्यता कोई पहचान नहीं है। योग्यता क्रिया है। हमें एक सकारात्मक कार्रवाई व्यवस्था की आवश्यकता है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी व्यक्तियों को, उनकी पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, अपनी योग्यता प्रदर्शित करने का समान अवसर मिले। जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी, इसी अवसर की मांग है और आंकड़े इस मांग के पक्ष में हैं।

जैसा मैंने पहले भी कहा है, सामाजिक न्याय का संघर्ष सिर्फ आरक्षण से शुरू होकर आरक्षण पर खत्म नहीं हो सकता है। आपसे विनम्र विनती है कि जातिगत गणना के आंकड़ों को देखिए और फिर अपने आस-पास देखिए। मुझे उम्मीद है, एक शिक्षित, विचारशील व्यक्ति के नाते आपको भी सामाजिक न्याय के संघर्ष में भागीदार बनने की प्रेरणा मिलेगी। अगर आप जाति-व्यवस्था के हितैषी नहीं हैं, तो उसे तोड़ने में सक्रिय भागीदार बनिए। सामाजिक न्याय और समानता, विकास, सभ्यता, आधुनिकता के संयुक्त संघर्ष के सिपाही बनिए और एक बेहतर समावेशी समाज की ओर संवेदना से भरे कदम उठाइए।

# दुबककर बैठे हुए को सामने लाने वाले लेखक हैं फोस्से

प्रयाग शुक्ल, कवि और कला मर्मज्ञ

प्रसिद्ध नाटककार, लेखक यून फोस्से को साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार मिलना नॉर्वेवासियों के लिए एक प्रतीक्षित घटना रही है। चौंसठ वर्षीय फोस्से के साहित्य के प्रति वहां गहरा लगाव है। नॉर्वे के शहर ओस्लो की अपनी कुछ यात्राओं के दौरान मुझे नजदीक से यह देखने-जानने का अवसर मिला कि यून फोस्से नॉर्वे में सचमुच कितने समादृत हैं! वहां प्रतिवर्ष उनके सम्मान में एक साहित्य-उत्सव होता आया है, जिसमें उनके नाटकों का मंचन होता है, जहां उनकी कविताएं पढ़ी जाती हैं और उनकी अन्य रचनाओं के अंशों का पाठ भी किया जाता है।

भारतीय चित्रकार अंबादास की नॉर्वेजियाई पत्नी एक बार ओस्लो में नॉर्वेजियाई लेखक संघ की इमारत में मुझे ले गई थीं। वहां कैफे है, एक बड़ी पुस्तक दुकान है और लेखकों के लिखने-पढ़ने की तमाम सुविधाएं हैं। वहां मैंने गौर किया कि फोस्से की पुस्तकों की प्रतियां बहुत सम्मान और करीने से रखी गई हैं। उसके पास ही उनका निवास भी है। वह इलाका बहुत शांत, हरा-भरा और सुंदर है। कोई आश्चर्य नहीं कि फोस्से शब्द और मौन, दोनों को एकाग्र भाव से सुनने वाले लेखक माने जाते हैं। माना जाता है कि वह मनुष्य मन की अंतर्ध्वनियों को वाणी देने वाले लेखक हैं। भारत में बहुतों के लिए वह नए होंगे, पर वर्षों से फोस्से के नाटक नॉर्वे ही नहीं, यूरोप के कई देशों में खेले जाते रहे हैं। निश्चय ही इसका एक बड़ा कारण है कि उनकी रचनाओं में कुछ ऐसी चीजें हैं, जो मनुष्य मन का सहज स्पर्श करती हैं। वह नॉर्वेजियाई भाषा के एक जनपदीय स्वरूप ‘न्यार्स्क’ में लिखते हैं। विश्व की कई भाषाओं में उनकी रचनाएं पहले से ही उपलब्ध हैं। नॉर्वे को नाटककार हेनरिक इब्सन के लिए भी जाना जाता है। बरसों बाद अब नॉर्वे के एक और प्रिय नाटककार को नोबेल के साथ अंतरराष्ट्रीय ख्याति मिली है। नोबेल पुरस्कार की महिमा है कि उसे पाने वाला लेखक रातों-रात दुनिया के कोने-कोने में कुछ न कुछ पहुंच ही जाता है।

आज बहुतेरे कारणों से संत्रस्त दुनिया के लिए, जिसमें शोर भी बहुत भर गया है, फोस्से जैसे असरदार लेखकों को पढ़ना, मौन के उस इलाके में उतरना है, जहां बहुत कुछ ‘न कहा गया’ दुबककर बैठा हुआ है। फोस्से जैसे लेखक उस दुबककर बैठे हुए को खुले में ले आने की जो क्षमता रखते हैं, यही उनकी असली शक्ति है। फोस्से को जो ख्याति मिली है और आगे जो मिलने वाली है, उसके पीछे, जैसा कि वहां के लोग बताते हैं, उनका वह जीवन है, जो वह शांत भाव से एकांत में जीते आए हैं। वह अपने एकांत से बहुत कम निकलने वाले लेखकों में शुमार हैं। उन्हें लेकर नॉर्वे में हलचल रहती है, मगर स्वयं फोस्से उसमें कम ही शामिल होते हैं।

वह छोटे-छोटे संवाद लिखने वाले लेखक हैं, इसलिए उनके नाटकों का मंचन कठिन होता है, मगर नॉर्वे के रंगकर्मियों ने उनके नाटकों को वहां के मंचों पर बहुत अच्छी तरह से उतारा है। फोस्से ने 40 नाटकों के साथ-साथ उपन्यास, लघु कथाएं, कविता और निबंध भी लिखे हैं, पर उन्हें नाटकों के लिए ही जाना जाता है। नॉर्वे में थिएटर का मूल ढांचा मजबूत है। वहां एक उद्यान में रंगकर्मियों की प्रतिमाएं देख मैं चौंक गया था। इससे पता चलता है कि नॉर्वे अपने नाटककारों से कितना प्यार करता है और फोस्से को मिला सम्मान इसी की पुष्टि है।

भारतीयों के लिए यह गौर करने की बात है कि नॉर्वेवासी अपने लेखकों, रंगकर्मियों, चित्रकारों की उपलब्धियों का उत्सव मनाना जानते हैं। वर्ष 2012 में जब प्रसिद्ध नॉर्वेजियाई चित्रकार एडवर्ड मुंक की 150वीं जयंती मनाई जा रही थी, तब संयोग से मैं और मेरी पत्नी ज्योति ओस्लो में ही थे। हमने देखा कि सारा शहर ‘मुंकमय’ हो उठा था। उनकी कला का उत्सव सिर्फ संग्रहालयों में ही नहीं मनाया जा रहा था, किसी न किसी रूप में मुंक की कृतियों की तस्वीरें बाजारों-होटलों-रेस्तरांओं में छाई हुई थीं। वहां एक चित्रकार की लोकप्रियता ऐसी थी कि लोगों ने उसे केक और पेस्ट्री तक में उकेर रखा था।

आज नॉर्वे के तमाम शहरों में यून फोस्से को नोबेल सम्मान मिलने की खुशी मनाई जा रही है। आने वाले दिनों में यहां भी उनकी पुस्तकें उपलब्ध होंगी और कोई न कोई रंगकर्मी उनके नाटकों को मंच पर साकार करेगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी

पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 8103338634



# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### भू-एप भाजपा के अपने भ्रष्टाचार की स्वीकारोक्ति-कांग्रेस

**रायपुर।** भाजपा के भू-एप का जवाब देते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के खून में भ्रष्टाचार है। 15 सालों तक प्रदेश को लूटने वाले भाजपाइयों को सोते जागते भ्रष्टाचार ही दिखता है। बड़ा हास्यास्पद लगता है कि जिस भाजपा के राज्य में रमन सिंह के पुत्र भ्रष्टाचार का पैसा रखने के लिये विदेश में वर्जिन आइलैंड में खाता खोलवाता था, पनामा पेपर में नाम आता था। जिस भाजपा के राज में मंत्री डॉलर में घूस मांगते थे वह भाजपा किस नैतिकता से एक ईमानदार सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाती है। कांग्रेस सरकार की शत-प्रतिशत योजनाओं की राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में जाती है यहां भ्रष्टाचार की बातें भाजपा का दिमाकी फित्तूर है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन सरकार के 1 लाख करोड़ के भ्रष्टाचार पर भाजपा की बोलती क्यों बंद है? 36000 करोड़ का नान घोटाला, 4400 करोड़ के शराब घोटाला, 6000 करोड़ के चिटफंड घोटाले पनामा पेपर वाले अभिषेक सिंह, 1677 करोड़ का गौशाला घोटाले पर, इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह सहित बृजमोहन अग्रवाल को भी घूस देने की स्वीकारोक्ति प्रमुख आरोपी ने अपने नार्को टेस्ट में किया है। भाजपा के 15 सालों में 34 घोटाले हुये थे जो प्रदेश की जनता के जुबान पर है इनकी जांच कराने की बात आती है तो भाजपाईयों की बोलती बंद हो जाती है। 36000 करोड़ का नान घोटाले की जांच में तो भाजपा नेता कोर्ट से स्टे लेकर आये है। डीकेएस घोटाला, प्रियदर्शिनी सहकारी बैंक घोटाला, ई-टेंडरिंग घोटाला, घटिया मोबाइल खरीदी घोटाला, मच्छरदानी घोटाला, गुणवत्ताहीन एक्सप्रेस-वे, अनुपयोगी स्काईवॉक घोटाला का कलंक भाजपा पर है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 1.76 करोड़ के कोयला घोटाले पर भाजपा का झूठ बेनकाब हो चुका है।

### निर्वाचन के दौरान पूरी टीम दिए गए दायित्वों का निष्ठा पूर्वक करेंगे निर्वहन - कलेक्टर

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के सुचारू संपादन के लिए निर्वाचन व्यय निगरानी समिति, उडन् दस्ता दल, स्थैतिक निगरानी समिति, वीडियो निगरानी समिति एवं वीडियो अवलोकन समिति के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण में कहा कि निर्वाचन के सफ्लतापूर्वक संपादन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। साथ ही समिति के सदस्यों को निश्चित दायित्व सौंप गए हैं। उन्होंने इन दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश सभी अधिकारी कर्मचारियों को दिए। साथ ही सभी दल के सदस्यों को आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही सक्रिय रहकर निर्वाचन के कार्यों को संपादित करने के भी निर्देश दिए। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सभी दलों को उनके दायित्वों को विस्तार से समझाया गया। साथ ही प्रशिक्षण में बताए गए बातों को बारीकी से समझने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई सहित सभी एसडीएम और ईईएम, एफ़एसटी, एसएसटी, वीएसटी एवं वीवीटी दल में शामिल अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# छत्तीसगढ़ देश का ऐसा राज्य जहां लोग खेती करना चाह रहे, फसल की उचित कीमत इसकी वजह- प्रियंका गांधी

## पंचायती राज एवं नगरीय निकायों में महिलाओं को अधिकार सम्पन्न और सशक्त बनाने का किया काम - मुख्यमंत्री

- छत्तीसगढ़ राज्य पावर कम्पनी के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना की सुविधा
- पुलिस उप निरीक्षकों के पदों पर पदोन्नति का अनुपात अब 33 से बढ़ाकर 40 प्रतिशत
- हल्बी, गोंडी, सरगुजिहा, भतरी जैसी स्थानीय बोलियों में पढ़ाई के लिए शिक्षकों की होगी नियुक्ति
- कृषि महाविद्यालय पखांजूर का नाम अब पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के नाम पर
- कांकेर जिले को मिली 866 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगात
- 321 करोड़ 71 लाख की लागत से बनने वाले मेडिकल कॉलेज का हुआ भूमिपूजन



### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगरीय निकाय एवं पंचायती राज महासम्मेलन कांकेर में की बड़ी घोषणाएं

- राज्य पावर कम्पनियों में एक अप्रैल 2004 और इसके उपरांत नियुक्त लगभग 10 हजार कर्मियों के लिए नवीन अंशदायी पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन की सुविधा।
- पुलिस उप निरीक्षकों के पदों पर पदोन्नति अब 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत करने की घोषणा।
- कृषि महाविद्यालय पखांजूर का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के नाम पर किए जाने की घोषणा।
- हल्बी, गोंडी, सरगुजिहा, भतरी जैसे स्थानीय बोलियों में पढ़ाई के साथ-साथ अब इन भाषाओं में शिक्षकों की नियुक्ति करने की घोषणा।
- चारामा विकासखण्ड टंहकापार में महानदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण।
- कांकेर नरहरपुर मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाएगा।
- आदिवासी पुस्तकालय की स्थापना।
- अंतागढ़ से घोड़ागांव, अंजारी मार्ग पर पुल निर्माण।

श्रीकंचनपथ न्यूज

कांकेर। उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाने के कारण लोग आज खेती करना नहीं चाह रहे, लेकिन छत्तीसगढ़ देश का ऐसा प्रदेश है जहां लोग खेती की ओर बढ़ रहे हैं। किसानों को फसल का उचित दाम मिलना इसकी बड़ी वजह है। यह बात प्रियंका गांधी ने कांकेर में आयोजित नगरीय निकाय एवं पंचायती राज महासम्मेलन में अपने संबोधन में कही। कार्यक्रम में गौर मुकुट से श्रीमती गांधी का स्वागत किए जाने पर वह अभिभूत हुई और पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, स्वर्गीय इंदिरा गांधी और स्वर्गीय राजीव गांधी की बस्तर से जुड़ी स्मृतियों को भी साझा किया।

उन्होंने कहा कि मेरी दादी हमेशा कहती थी कि आदिवासी संस्कृति सबसे अच्छी है क्योंकि इसमें प्रकृति के प्रति गहरा आदर है। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ राज्य पावर कम्पनी के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना की सुविधा प्रदान करने, पुलिस उप निरीक्षकों के पदों पर पदोन्नति का अनुपात अब 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत करने और हल्बी, गोंडी, सरगुजिहा, भतरी जैसे स्थानीय बोलियों में पढ़ाई के लिए शिक्षकों की नियुक्ति करने और कृषि महाविद्यालय पखांजूर का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के नाम पर किए जाने की घोषणा की। साथ ही जिलेवासियों को 866 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन कर बड़ी सौगात दी। इस दौरान 321 करोड़ 71 लाख रूपए की लागत से बनने वाले कांकेर मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर पुरखती कागजात और तानाबाना पुस्तिका का विमोचन भी किया। नगरीय निकाय एवं पंचायती राज महासम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि एक समय था जब जनप्रतिनिधियों की संख्या कम थी। इससे निर्णय एक जगह केंद्रित हो जाते थे। कई ऐसे कार्य होते थे, जिन्हें पूर्ण करने में बहुत समय लगता था। जब पंचायती राज की बात हुई तो मंशा ये थी कि लोकतंत्र को जनजन तक पहुंचना चाहिए, गांव का कार्य गांव में ही होना चाहिए। श्रीमती गांधी ने कहा कि इस देश की जितनी व्यवस्था है उसकी नींव पंचायतों में हैं, नगरीय निकायों में हैं। आप सभी इन जिम्मेदारियों को बहुत निष्ठा से निभाते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार भरोसे की सरकार है। आज अगर सरकार पर आपका भरोसा है तो वो इसलिए है कि हम छत्तीसगढ़ की परंपरा को बढ़ा रहे हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्रता संग्राम के दौरान आपके पास आये, आपकी समस्याओं को समझा। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी 1972 में बस्तर में आई थीं। आपने फोटो देखी होगी जब वे आदिवासी महिलाओं के साथ नृत्य कर रही थीं। मेरे पिता स्वर्गीय राजीव गांधी भी आपके पास आये। हमारे सभी जनप्रतिनिधियों ने यह प्रयास किया कि आपकी समस्याओं को समझे, इसीलिए यह भरोसा बना है।

श्रीमती गांधी ने कहा कि जब पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी यहां आई थीं, तब स्वामी आत्मानंद से उन्होंने कहा था कि यहां के बच्चों को शिक्षा देने का काम करना है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने यहां जगह-जगह पर स्वामी आत्मानंद स्कूल खोले हैं। जिससे अंग्रेजी में पढ़ाई आसान हुई है और गरीब बच्चों का भविष्य संवर रहा है। उन्होंने कहा कि आज बस्तर ब्रांड बन गया है। मिलेट मिशन के बारे में बात करते हुए कहा कि मिलेट सेहत के लिए बड़े उपयोगी होते हैं। कोदो-कुटकी, रागी से लोगों की आय बढ़ाने का काम किया गया है, जिससे आदिवासियों की आय बढ़ी है। लोगों को रोजगार मिल रहा है। श्रीमती गांधी ने कहा कि आज देश छत्तीसगढ़ की ओर देख रहा है। आपका मान सम्मान देश दुनिया में बढ़ रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि यहां का किसान खुश हैं। ग्रामीण खुश हैं। श्रीमती गांधी ने कहा कि देश भर में धान खरीदी का सबसे ज्यादा दाम यहां मिलता है। हमने आपकी संपत्ति आपके हाथों में डाली है। आपका अधिकार आपको सौंपा है। पांच साल में यहां के 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। देश के अन्य राज्यों में आवारा पशुओं की समस्या है। यहां छत्तीसगढ़ में गौठान योजना से आपकी समस्याएं हल हुई हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं प्रदेश में संचालित की जा रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों का मानदेय बढ़ाया गया है। लड़कियों को बेहतर शिक्षा मिल रही है। आज बस्तर अंचल की इन बेटियों ने अंग्रेजी में मुझसे बात की, यह सुखद है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी ने 73 वें और 74 वें संशोधन के माध्यम से पंचायती राज की व्यवस्था लाई और इसके साथ ही एक तिहाई महिलाओं को आरक्षण देने का भी काम हुआ।

# मुख्यमंत्री और प्रियंका गांधी ने पुरखती कागजात और ताना बाना पुस्तिका का किया विमोचन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। नगरीय निकाय एवं पंचायती राज महासम्मेलन, कांकेर में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और श्रीमती प्रियंका गांधी ने आज पुरखती कागजात और ताना बाना पुस्तिका का विमोचन किया। बस्तर में क्षेत्रवार आदिवासी समुदायों के देवी-देवताओं की वाचिक परम्परा में प्रचलित मान्यताओं को लेखबद्ध कर उन्हें जारी किये गये सामुदायिक वन अधिकार के प्रपत्रों को संकलित कर पुरखती कागजात'' नामक पुस्तिका तैयार की गई है।

पुरखती कागजात'' (भाग-दो ) में संरक्षित खसरों का संकलन है, जिसमें भुईया के माध्यम से खसरे के कैफियत कॉलम में मातागुड़ी, देवगुड़ी के नाम व रकबा उल्लेखित कर राजस्व अभिलेख संरक्षित किया गया है। ज्ञात हो कि आदिवासी समुदायों के परम्पराओं एवं मान्यताओं पर आधारित सामाजिक ताना-बाना संभाग में निवासरत प्रमुख आदिवासी समुदायों यथा- गोंड, हल्बा, भतरा, धुरवा, मुण्डा, मुरिया, कोया समुदाय के लोगों के जीवन में प्रचलित सांस्कृतिक रीति-रिवाजों एवं विभिन्न प्रकार के जन्म-मृत्यु संस्कारों, त्यौहारों. विभिन्न परम्पराओं एवं मान्यताओं पर आधारित सामाजिक ताना-बाना नामक पुस्तिका बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित की जा रही है, जिसका विमोचन मुख्यमंत्री द्वारा किया जा रहा है। पुस्तिका का विमोचन आज अतिथियों द्वारा किया गया।



### कांकेर के हब एंड स्पोक मॉडल हमर लैब का शुभारंभ

कांकेर के हब एंड स्पोक मॉडल हमर लैब का शुभारंभ किया गया, इसमें स्वास्थ्य केन्द्र से रक्त नमूना संग्रहण कर हमर लैब मितान के द्वारा लैब जांच के लिए लाया जाएगा। जांच उपरान्त रिपोर्ट हमर लैब से सीधे मरीज के मोबाईल पर प्रेषित किया जाता है। इस अवसर पर मरीज दिशान अशरफ से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली दिशान को थैलीसीमिया की दिक्कत थी। उपचार उपरांत अभी स्वस्थ हैं। श्रीमती प्रियंका गांधी एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 5 पांच युवकों को रोजगार प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इन्हें सिक्योरिटी गार्ड में नौकरी मिली है। उल्लेखनीय है कि जिले में अभी तक 502 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। 1482 युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा गया।

## किसानों की सहुलियत के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में खुलेंगे 25 नवीन धान उपार्जन केंद्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश के किसानों-ग्रामीणों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 एवं आगामी खरीफ विपणन वर्षों के लिए राज्य के विभिन्न जिलों में नवीन धान उपार्जन केंद्र खोलने की अनुमति प्रदान की गई है। इस आशय का आदेश खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

नवीन धान उपार्जन केंद्रों में राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ विकासखण्ड के अंतर्गत देवकट्टा और डोंगरगांव विकासखण्ड के संबलपुर में खोले जाएंगे। इसी तरह सक्ती जिले के सक्ती विकासखड के अंतर्गत नन्दौरखुर्द, महासमुंद जिले के बागबाहरा विकासखण्ड के अंतर्गत बोडराबांधा और आमगांव, मुंगेली जिले के लोरमी विकासखण्ड के औराबांधा, बलरामपुर जिले के रामचन्द्रपुर विकासखण्ड के डुमनपान, कोण्डागांव जिले के फरसगांव विकासखण्ड के बड़ेओड़गांव, केशकाल विकासखण्ड के कुएमारी और कोण्डागांव विकासखण्ड के नवागांव तथा गरियाबंद जिले के छुरा विकासखण्ड के पीपरछेड़ी और उत्तर बस्तर कांकेर जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड के बंडापाल व कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के बेलगाल में नवीन धान उपार्जन केंद्र खोले जाएंगे। इसी प्रकार मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मानपुर विकासखण्ड के मुरारगोटा, बीजापुर जिले के बीजापुर विकासखण्ड के चेरपाल, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के खैरागढ़ विकासखण्ड के ठेलकाडीह, सीतापुर विकासखण्ड के बेलजोरा में नवीन धान उपार्जन केंद्र खोले जाने की अनुमति प्रदान की गई है।

# संत गुरू घासीदास बाबा ने मानव समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है-मंत्री अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि-विधायी एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर आज कवर्धा के संत गुरू घासीदास गुरूद्वारा पहुंचकर जैतखाम, गुरूगद्दी और संत गुरु घासीदास के छाया चित्र पर फूल माला अर्पण कर पूजा अर्चना की। उन्होंने संत गुरू घासीदास का आशीर्वाद लेकर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मंत्री श्री अकबर ने समाज के प्रतिनिधियों से सौजन्य भेंट मुलाकात की और सभी का हाल-चाल जाना।



कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक श्री अकबर ने कहा कि संत गुरू घासीदास बाबा ने मानव समाज को मानवता का संदेश देने के साथ ही एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। संत बाबा गुरु घासीदास ने समूचे जगत के कल्याण का रास्ता दिखाया है। उनका सन्देश मनखे-मनखे एक समान आपसी भाई चारा और सबको एक सूत्र में बांधकर रखने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि बाबा जी की अमृत वाणी को हम सभी अपने जीवन मे उतार कर जीवन को चरितार्थ कर सकते है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री होरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि शर्मा, सामाजिक पदाधिकारी श्री अगम दास अनंत, श्री विरेन्द्र जांगड़े, श्री बाबूदास गोप, श्री रामप्रसाद मिरी, श्री भीखम कोसले, टेकसिंग जांगड़े सहित जनप्रतिनिधि, समाज के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खडगे व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विगत दिनों रायगढ़ के कोड़ातराई में आयोजित भरोसे के सम्मेलन कार्यक्रम में प्रदेश के 82 चयनित विकासखण्डों में बनने वाले जैतखाम का शिलान्यास किया। प्रदेश के 82 चयनित विकासखंडों में कबीरधाम जिले के विकासखण्ड मुख्यालय भी शामिल है।

ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# छत्तीसगढ़ सरकार ने कोदो-कुटकी का समर्थन मूल्य बढ़ाया

## सीएम बघेल ने मिलेट्स उत्पादक किसानों के हित में की घोषणा, कोदो के समर्थन मूल्य में 200 रुपए तथा कुटकी के समर्थन मूल्य में 250 रुपए की वृद्धि

### मुख्यमंत्री की घोषणा पर त्वरित अमल करते हुए कृषि विभाग ने जारी की अधिसूचना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि वितरण कार्यक्रम में मिलेट्स उत्पादक किसानों के हित में बड़ी घोषणा की। उन्होंने कोदो और कुटकी के समर्थन मूल्य में वृद्धि की घोषणा की। श्री बघेल ने खरीफ2023 हेतु कोदो का समर्थन मूल्य 3000 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़कर 3200 रुपए प्रति क्विंटल करने तथा कुटकी का समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़कर 3350 रुपए प्रति क्विंटल करने की घोषणा की।




### मुख्यमंत्री की घोषणा पर त्वरित अमल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कोदो-कुटकी के समर्थन मूल्य में वृद्धि की घोषणा पर त्वरित अमल करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा खरीफ2023 में उत्पादित कोदो एवं कुटकी के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना में खरीफ2023 में उत्पादित कोदो का न्यूनतम उपार्जन मूल्य 3200 रुपए प्रति क्विंटल और कुटकी का न्यूनतम उपार्जन मूल्य 3350 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है। रागी फसल के लिए भारत सरकार द्वारा खरीफ 2023 हेतु घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 3846 रुपए प्रति क्विंटल के अनुसार उपार्जन किया जाएगा। उपार्जन अवधि का निर्धारण वन विभाग द्वारा किया जाएगा। कोदो-कुटकी एवं रागी का उपार्जन छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के माध्यम से किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार कोदो तथा कुटकी का समर्थन मूल्य घोषित नहीं करती है। राज्य सरकार द्वारा कई बार केंद्र से कोदो और कुटकी का समर्थन मूल्य घोषित करने का आग्रह किया गया लेकिन केंद्र सरकार द्वारा इसकी घोषणा नहीं की गई। इसलिए छत्तीसगढ़ के मिलेट्स उत्पादक किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा कोदो-कुटकी का समर्थन मूल्य घोषित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने कोदो का समर्थन मूल्य जो वर्ष 2022-23 में 3000 प्रति क्विंटल था जिसे खरीफ 2023 हेतु बढ़ाकर 3200 रुपए प्रति क्विंटल करने तथा कुटकी का समर्थन मूल्य जो 3100 रुपए प्रति क्विंटल था उसे बढ़ाकर 3350 प्रति क्विंटल करने की घोषणा की।

### गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में राशि का अंतरण

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में 9.65 करोड़ रुपए अंतरित किए। इस राशि में गोबर विक्रेताओं को 4.93 करोड़ रुपए, गौठान समितियों को 1.45 करोड़ रुपए, स्व-सहायता समूहों की 1.14 करोड़ रुपए की लाभांश राशि के साथ ही गौठान समिति के सदस्यों को 2.26 करोड़ रुपए की मानदेय राशि शामिल है। गोधन न्याय योजना के तहत हितग्राहियों को आज वितरित की गई राशि को मिलाकर 588.83 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा इस वर्ष धान की खरीदी 1 नवंबर से प्रारंभ होगी राज्य सरकार द्वारा इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि इस साल हम लोगों ने 130 लाख मीटरिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा है, उम्मीद है कि हम इस लक्ष्य को जरूर हासिल करेंगे। पिछले साल हम लोगों ने 107 लाख 53 हजार मीटरिक टन धान की खरीदी की थी, इस साल हम धान खरीदी का नया रिकार्ड बनाएंगे। इस साल भी छत्तीसगढ़ के लोग जोरदार दशहरा-दीवाली मनाने वाले हैं। श्री बघेल ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की किश्तों का भुगतान भी बिलकुल ठीक समय पर किया जा रहा है। अभी हाल ही में 28 सितंबर को योजना की तीसरी किश्त का भुगतान भी कर दिया गया है। न्याय योजनाओं के अंतर्गत अभी तक पौने दो लाख करोड़ रुपए से अधिक राशि का भुगतान हितग्राहियों को किया जा चुका है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर वन मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, आदिम जाति विकास मंत्री मोहन मरकाम, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### गौठानों में अब तक 138.26 क्विंटल गोबर की खरीदी

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठानों में अब तक 138.26 क्विंटल गोबर की खरीदी हो चुकी है, जिसके एवज में पशुपालक किसानों को अब तक 276.53 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। इसी तरह गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को 280.04 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। इस योजना के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों को अब तक 2 किश्तों में लगभग 30 करोड़ रुपए की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि बोनस का भी भुगतान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी के मामले में गौठान समिति की भागीदारी लगातार बढ़ती जा रही है। 6453 गौठान स्वावलंबी गौठानों ने अब तक 83 करोड़ रुपए का गोबर स्वयं की राशि से क्रय किया है।

## खास खबर...

### स्कूल शिक्षा विभाग में 17 अधिकारियों की नवीन पदस्थापनाएं

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के 17 अधिकारियों को प्रशासनीक आधार पर स्थानांतरित करते हुए नवीन पदस्थापना की है। प्रदेश के 11 जिलों में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मंत्रालय से जारी आदेशानुसार प्राचार्य डेजी रानी जांगड़े प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सारंगढ़-बिलाईगढ़ को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुरा जिला रायपुर, प्राचार्य फत्तेराम कोसरिया विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डोगरगढ़ जिला राजनांदगांव को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, प्राचार्य केव्ही राव प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहापुर विकासखण्ड धमधा जिला दुर्ग, प्राचार्य जुल्फीकार उल्लाह सिद्दीकी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जशपुर को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर पदस्थ किया गया है।

प्राचार्य बी.एल. देवांगन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तिल्दा जिला रायपुर को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा, सहायक संचालक विनोद कुमार राय कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सरगुजा संभाग अम्बिकापुर को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बलरामपुर-रामानुजगंज, प्राचार्य गेंदलाल चतुर्वेदी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाल विकासखण्ड नवागढ़ जिला बेमेतरा को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली, प्राचार्य रमेश कुमार निषाद सक्ती से स्थानांतरित किंतु न्यायालय के स्थगन पर कार्यरत है, को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड खडगंवा जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया, प्राचार्य एस. एन. भगत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरिया(बरमकेला) जिला रायगढ़ को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सारंगढ़-बिलाईगढ़, प्राचार्य टीकाराम साहू जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कबीरधाम की प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हुए प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर पदस्थ किया गया है और प्राचार्य बी.एल खरे स्थानांतरित किंतु न्यायालय से स्थगन प्राप्त को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती में यथावत रखा गया है।

## कम पानी में अधिक उत्पादन के साथ जल्द तैयार होने वाले फसलों पर जोर




### राज्य की फसल सघनता एवं फसल विविधीकरण पर कार्यशाला सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ कमलप्रीत सिंह की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ और ओडिशा के मध्य महानदी जल बटवारे के विवाद के समाधान के लिए गठित महानदी वाटर डिस्प्युट ट्रिब्युनल के परिपेक्ष्य में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य की फसल सघनता एवं फसल विविधीकरण हेतु वर्ष 2050 तक का योजना बनाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने कहा कि जलवायु में आ रहे विषम बदलावों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में फसल विविधीकरण और कम पानी में जल्द तैयार होने वाली फसलों तथा अधिक उत्पादन देने वाली फसलों की किस्मों का चुनाव करने पर जोर दिया, ताकि किसान उत्तर पूर्वी राज्यों के समान छत्तीसगढ़ में भी वर्ष में तीन फसलों का उत्पादन कर सकें।

जल संसाधन विभाग के सचिव पी. अन्बलगन ने महानदी जल विवाद के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ट्रिब्यूनल के समक्ष छत्तीसगढ़ शासन का पक्ष मजबूती से रखने के साथ-साथ कृषि, जल संसाधन और राजस्व विभाग को संयुक्त डाटाबेस तैयार करने का सुझाव दिया।

कार्यशाला में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. ए.एल. राठौर ने महानदी जल विवाद के संदर्भ में कहा कि भविष्य में राज्य में जल एवं खाद्यान्न की मांग के अनुरूप प्रति इकाई फसल उत्पादकता एवं फसल सघनता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

कार्यशाला में महानदी जल विवाद, राज्य सरकार के सलाहकार डॉ बापुजी राव, केन्द्रीय भू-जल बोर्ड (उत्तर मध्य छत्तीसगढ़), रायपुर के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. प्रबीर कुमार राय, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. विवेक त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशनः राज्य में 31.37 लाख से अधिक परिवारों को मिला घरेलू नल कनेक्शन

### घरेलू नल कनेक्शन देने में महासमुंद जिला सबसे आगे

**रायपुर।** राज्य के ग्रामीण अंचलों में निःशुल्क घरेलू नल कनेक्शन देने का काम तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत 49 लाख 93 हजार 795 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिए जाने के विरूद्ध वर्तमान में 31 लाख 37 हजार 479 घरेलू नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इसके साथ-साथ राज्य के 39 हजार 113 स्कूलों, 37 हजार 501 आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा 15 हजार 625 ग्राम पंचायत भवनों और सामुदायिक उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में टेप नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। छत्तीसगढ़ का महासमुंद जिला 01 लाख 56 हजार 871 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन देने में सबसे आगे है। इसी तरह जांजगीर-चांपा 01 लाख 53 हजार 669, रायपुर जिले में 01 लाख 52 हजार 852 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन देने में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्रकुमार के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य में प्रति व्यक्ति, प्रतिदिन 55 लीटर के मान से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, इसके लिए सभी जिलों में कार्ययोजना तैयार कर तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इस मिशन के तहत घरेलू नल कनेक्शन के अतिरिक्त स्कूल, उप-स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी रनिंग वाटर की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही साथ राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी के अंतर्गत बनाए गए गौठानों में भी पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी डॉ. एस. भारतीदासन एवं मिशन संचालक आलोक कटियार द्वारा जमीनी स्तर पर राज्य में सिंगल विलेज स्कीम और मल्टी विलेज स्कीम और अन्य पेयजल योजनाओं सहित जल जीवन मिशन के कार्यों का क्रियान्वयन की लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है।

जल जीवन मिशन के तहत अब तक रायगढ़ जिले में 01 लाख 41 हजार 381, धमतरी जिले में 01 लाख 36 हजार 819, बिलासपुर में 01 लाख 36 हजार 200, बलौदाबाजार-भाटापारा में 01 लाख 36 हजार 475, कवर्धा 01 लाख 35 हजार 650 घरेलू नल कनेक्शन दिए गए हैं। इसी प्रकार मुंगेली में 01 लाख 29 हजार 662, बालोद में 01 लाख 24 हजार 051, बेमेतरा जिले में 01 लाख 23 हजार 623 तथा दुर्ग जिले में 01 लाख 22 हजार 539 नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इसी तरह राजनांदगांव जिला 01 लाख 21 हजार 434, सक्ती में 01 लाख 14 हजार 032, कोरबा में 01 लाख 331, बलरामपुर में 01 लाख 206, जशपुर में 99 हजार 609, गरियाबंद 99 हजार 557, बस्तर में 99 हजार 155, सरगुजा जिले के 97 हजार 146 शुद्ध पेयजल के लिए घरेलू नल कनेक्शन दिए गए हैं। सूरजपुर में 90 हजार 988, कोण्डागांव में 85 हजार 844, कांकेर 81 हजार 324, सांरगढ़-बिलाईगढ़ में 78 हजार 980, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 52 हजार 886, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 48 हजार 657, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 45 हजार 902, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 34 हजार 205, सुकमा में 32 हजार 852, कोरिया में 30 हजार 756, दंतेवाड़ा में 28 हजार 040, बीजापुर 27 हजार 373 और नारायणपुर जिले में 18 हजार 410 ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल के लिए घरेलू नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं।

## जेनेरिक दवाईयां खरीदकर नागरिकों ने बचाए 142.28 करोड़ रुपए

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर सभी आयु वर्ग के लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से संचालित श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना से अब तक मरीजों को 142 करोड़ रुपए से अधिक की बचत हो चुकी है, जिससे छत्तीसगढ़ के नागरिकों के जेब को बड़ी राहत मिली है।

राज्य के सभी नगरीय निकायों में संचालित इस योजना के अंतर्गत ब्रांडेड कंपनियों की जेनेरिक दवाएं 50 से 70 प्रतिशत कम दाम पर उपलब्ध कराई जाती है। धन्वंतरी दवा दुकानों में सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर, इन्सुलिन के साथ गंभीर बीमारियों की दवा, एंटीबायोटिक, सर्जिकल आईटम भी रियायती मूल्य पर जरूरतमंदों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना 20 अक्टूबर 2021 से शुरू की गई है। योजना के तहत राज्य के समस्त 169 नगरीय निकायों में 195 श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर खोले गये हैं। शासकीय चिकित्सकों को अस्पताल में इलाज हेतु आने वाले मरीजों को जेनेरिक दवाई लिखना अनिवार्य किया गया है। योजना से




अब तक 231.94 करोड़ रुपए एम.आर.पी. की दवाईयों के विक्रय पर 142 करोड़ 28 लाख रुपए की छूट जरूरतमंद लोगों को दी गई है।

गौरतलब है कि प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकाय में संचालित धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल की दुकानों से 81 लाख 76 हजार से अधिक नागरिकों ने सस्ती दवायें खरीदी है। जिससे लोगों को काफी राहत मिली है और कम मूल्य पर दवा उपलब्ध होने से बचत हो रही है। श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोरों में दवाओं की उपलब्धता एवं संचालन व्यवस्था की निगरानी नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया करते रहते है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाएं रियायती दरों पर उपलब्ध कराने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थायें लगातार करते रहने के निर्देश दिए है।

नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रायपुर जिले में 21, गरियाबंद में चार, बलौदाबाजार-भाटापारा में सात, धमतरी में सात, महासमुंद में छह, दुर्ग में 19, बालोद में आठ, बेमेतरा में आठ, राजनांदगांव में पांच, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में तीन, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ में एक, कबीरधाम में छह, बिलासपुर में 11 तथा गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में दो, धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर संचालित किए जा रहे है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# क्या टोमेटो केचप हेल्दी है? डाइटिशियन क्या देते हैं सलाह




कई लोग ऐसे हैं जिन्हें केचअप खाना बहुत पसंद होता है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ जंक फूड के साथ बल्कि वह किसी भी खाने के साथ थोड़ा केचअप लेना पसंद ही करते हैं। समोसा, ब्रेड, पकोड़े किसी भी चीज के साथ केचअप खाना खूब पसंद करते हैं। बच्चे हो या बूढ़े केचअप लोगों की पहली पसंद होती है। लेकिन आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बहुत ज्यादा केचअप खाना हेल्थ के लिहाज से काफी ज्यादा नुकसानदायक होता है। क्योंकि इसमें सोडियम की मात्रा काफी अधिक होती है। यह शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

### ज्यादा केचअप खाने से शरीर को होने वाले नुकसान

ज्यादा केचअप खाने से पाचन तंत्र से लेकर पेट सभी के लिए नुकसानदायक है। यह कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। यह गठिया जैसी गंभीर बीमारी का कारण भी बन सकता है। बच्चों को को एकदम केचअप खाने न दें क्योकि यह काफी ज्यादा नुकसानदायक साबित हो सकता है। लेकिन कई लोग ऐसे हैं जो इसे हेल्दी मानते हैं। इसे बनाने वाली कंपनी भी इसे हेल्दी होने का दावा करती है।

### टोमेटो केचप हेल्दी होते हैं?

जंक फूड लेकर नॉर्मल खाना सभी का स्वाद बढ़ाने के लिए केचअप का इस्तेमाल करते है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि केचअप को बनाने में कई तरह के केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है। जिसके कारण यह लंबे समय तक पैकेट में रह जाता है और यह जल्दी खराब नहीं होता है। यही कारण है कि इसे ज्यादा खाया जाएगा तो शरीर को कई तरह की गंभीर परेशानियां हो सकती है। बच्चों के लिए तो एकदम सुरक्षित नहीं है।

### टोमेटो केचप खाने के नुकसान

बाजार में मिलने वाले टोमेटो केचप इसलिए हेल्दी नहीं क्योंकि जब इसे बनाया जाता है तो प्रोसेस के दौरान टमाटर का छिलका उताकर उसमें कई सारे केमिकल्स मिलाए जाते हैं। इस दौरान इसके सारे पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं। जिसके कारण यह हेल्थ के लिए काफी ज्यादा नुकसानदायक साबित हो सकता है।

### सोडियम की मात्रा अधिक होती है

बाजार में मिलने वाले केचअप में सोडियम की मात्रा काफी अधिक होती है। अगर आप इसे ज्यादा खाएंगे तो यह शरीर के लिए नुकसान दायक साबित हो सकता है। जिसके कारण हाई बीपी और हार्ट से जुड़ी बीमारी का खतरा हो सकता है।

### शुगर की भी काफी मात्रा होती है

केचप में शुगर की मात्रा भी काफी अधिक होती है जिसके कारण यह अनहेल्दी है। इसे ज्यादा खाने से डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, बीपी का खतरा रहता है।

### मोटापे का खतरा

ज्यादा केचप खाने से मोटापा का खतरा रहता है। इसमें मौजूद शुगर और सॉल्ट तेजी से वजन बढ़ाता है। इसलिए बहुत ज्यादा केचअप खाने से तेजी में मोटापा बढ़ता है।

# माधुरी दीक्षित के साथ मजा मा में काम करना एक सपना सच होने जैसा था: बरखा सिंह

**2022 की ड्रामा फिल्म मजा मा की सफलता को एक साल पूरे हो गए हैं। इसमें एक्ट्रेस बरखा सिंह और माधुरी दीक्षित लीड रोल में थीं। एक्सपीरियंस को याद करते हुए, बरखा ने कहा कि यह वेंचर उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा था क्योंकि उन्हें अनुभवी एक्ट्रेस के साथ सहयोग करने का मौका मिला। अपने एक्सपीरियंस के बारे में बताते हुए बरखा ने कहा, मजा मा मेरी लाइफ के सबसे बेहतरीन शूटिंग एक्सपीरियंस में से एक है। माधुरी दीक्षित जैसी दिग्गज एक्ट्रेस के साथ काम करना और उनके साथ स्क्रीन शेयर करना, उनके साथ डांस करना एक सपने के सच होने जैसा है।**



एक्ट्रेस ने कहा, मैं शीबा चड्ढा, गजराज राव और रजित कपूर जैसे शानदार अभिनेताओं के साथ काम करने के इस अवसर के लिए आभारी हूं। इससे भी अच्छी बात यह है कि पहली बार मुझे लिप सिंकिंग और डांसर्स से भरपूर अपना खुद का एक संपूर्ण बॉलीवुड गाना मिला! ईशा हंसराज का किरदार निभाने वाली भाग्यलक्ष्मी एक्ट्रेस ने दर्शकों और आलोचकों से अपने परफॉर्मेंस के लिए काफी प्रशंसा अर्जित की थी।

एक्ट्रेस ने कहा, मुझे ईशा का किरदार निभाने में बहुत मजा आया। इसे निभाना चुनौतीपूर्ण था क्योंकि उच्चारण के साथ बारीकियों में महारत हासिल करनी थी। मैं ईशा के लिए एक साल बाद भी उमड़ते प्यार को महसूस कर रही हूं, जो पलक झपकते ही बीत गया। बरखा मजा मा के अलावा साइलेंस... कैन यू हियर इट, हाउस अरेस्ट, प्लीज फाइंड अटैच्ड जैसी फिल्मों में अपने काम से भी नाम कमाने में सफल रहीं।

## वेब की दुनिया की क्वीन बन गई बरखा सिंह

एंटरटेनमेंट की दुनिया में जहां टैलेंट्स और प्लेटफॉर्म्स की कमी नहीं है, वहां एक नाम जो बहुमुखी प्रतिभा और समर्पण का सबूत है, वो बरखा सिंह का है। सबसे बड़ी 'बॉर्न-ऑन-वेब' सफलता की कहानियों में से एक बनने की उनकी यात्रा वाकई प्रेरणादायक है।



जी हां, अच्छे प्रोजेक्ट को चुनने की क्षमता के कारण बरखा सिंह के उभरने और मौके तक पहुंचने की एक उल्लेखनीय कहानी है। उन्होंने न केवल वेब पर जीत हासिल की है, बल्कि उन्होंने टीवी और फिल्मों सहित सभी स्क्रीन्स फॉर्मेट पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। फिलहाल बरखा एक बहुमुखी कलाकार के रूप में उभरी है, जो विभिन्न माध्यमों और शैलियों में सहजता से बदलाव करती है।

अपनी सबसे बड़ी प्रेरणा के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, ' 'विविध और चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं करना मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा है। मेरा मानना है कि मेरे लिए अभी भी बहुत सारी संभावनाएं हैं जिन्हें मैं स्क्रीन पर पेश करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे एक अभिनेता के रूप में खुद को चुनौती देना और अपनी सीमाओं से आगे बढ़ना पसंद है और इसके लिए मैं लगातार विविध और शक्तिशाली भूमिकाओं की तलाश में रहती हूं।

उन्होंने इस बारे में भी बात की कि वह प्रोजेक्टस का सही चुनाव कैसे करती हैं और कहती हैं, प्रारूप के आधार पर परियोजनाओं को तय करने के नजरिए में कोई अंतर नहीं है - शॉर्ट या लॉंग। मंच चाहे जो भी हो, कोई भी परियोजना मेरे लिए समान रूप से अहम है और मैं अपना बेस्ट देने के लिए कमिटेड हूं। मैं जिस किरदार को निभा रही हूं उसकी बारीकियां ही मेरे लिए हर किरदार को अनोखा बनाती हैं। हर में समान तैयारी और कड़ी मेहनत लगती है और एक अभिनेता के रूप में यहीं वो चीज है जिसपर ध्यान देना चाहिए। बरखा सिंह को विभिन्न प्लेटफार्मों पर दर्शकों से जुड़ने की उनकी क्षमता ही बाकियों से अलग करती है। उनका प्रदर्शन दर्शकों को पसंद आता है, चाहे वे उन्हें टीवी पर देख रहे हों, किसी फिल्म में या वेब पर। बरखा की सफलता उनकी अभिनय क्षमता और एडेप्टेबिलिटी का सबूत है। बरखा सिंह का इस स्पेस का सबसे बड़ा नाम बनने तक का सफर सिर्फ सफलता की कहानी नहीं बल्कि कई लोगों के लिए प्रेरणा है।

# शहनाज गिल ने रिवीलिंग बॉडीकॉन ड्रेस में कराया बोल्ड फोटोशूट



एक्ट्रेस शहनाज गिल इन दिनों भूमि पेडनेकर के साथ आई फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग को लेकर काफी लाइमलाइट बटौर रही हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक्स से फैंस को दीवाना बना दिया है। इन फोटोज में उनका स्टाइलिश अवतार देखकर लोगों के दिलों की धड़कनें बढ़ गई हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस शहनाज गिल हमेशा अपने बोल्ड और ग्लैमरस लुक शेयर कर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक सोशल मीडिया का पारा गर्म कर देता है। हाल ही में एक्ट्रेस शहनाज गिल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं शहनाज गिल ने साइड कट बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ है। ओपन हेयर और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। फोटोज में आप देख सकते हैं शहनाज गिल फ्लोर पर बैठकर एक से बढ़कर एक सेक्सी अंदाज में पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस शहनाज गिल ने सलमान खान स्टारर फिल्म किसी का भाई किसी की जान से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। शहनाज गिल सोशल मीडिया क्वीन हैं। अभिनेत्री आए दिन अपनी पोस्ट के जरिए लोगों के बीच छाई हुई रहती हैं।

## शाहरुख की जवान ने भारत के बाद अब मिडिल ईस्ट में रचा इतिहास

शाहरुख खान की लेटेस्ट रिलीज जवान देश और विदेश में धमाकेदार परफॉर्म कर रही है। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ से ज्यादा कमाई कर इतिहास रच दिया है वहीं इस फिल्म ने अपनी रिकॉर्ड बुक में अब एक और पन्ना एड कर लिया है। दरअसल एक्शन से भरपूर एटली निर्देशित इस फिल्म ने यूएई बॉक्स ऑफिस पर भी बड़ी कामयबी हासिल करते हुए एक और माइल स्टोन पार कर लिया है। चलिए जानते हैं जवान ने मीडिल ईस्ट बॉक्स ऑफिस पर कितना कलेक्शन किया है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जवान की शानदार सफलता केवल भारत में इसके घरेलू मैदान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इंटरनेशनल मार्केट में भी इस फिल्म की तूती बोल रही है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

मुख्यमंत्री बघेल ने पाटन विधानसभा क्षेत्रवासियों को दी बड़ी सौगात

# नवनिर्मित ऑडिटोरियम व विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पाटन विधानसभा क्षेत्रविासियों को बड़ी सौगातें दी है। उन्होंने आज विधानसभा मुख्यालय पाटन में आयोजित कार्यक्रम में 768 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 55 करोड़ 40 लाख 51 हजार रूपए के 137 कार्यों का लोकार्पण तथा 32 करोड़ 23 हजार रूपए लागत के 631 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।

कार्यक्रम में शामिल होने के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पाटन के आत्मानंद चौक पर ब्रम्हलीन स्वामी आत्मानंद जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सत्या, उपाध्यक्ष श्री बलदाऊ भाले, छत्तीसगढ़ कर्मकार शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष श्री तरूण बिजौरा, छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सदस्य श्री हेमंत देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज स्वामी आत्मानन्द जी की जयंती के अवसर पर विकास कार्यों का भूमिपूजन लोकार्पण किया गया । विगत 5 वर्षों में हमारे कार्यकाल में जो बदलाव हुए हैं, आज दिखाई दे रहा है। पानी, बिजली की पर्याप्त व्यवस्था की गई। आज केवल भौतिक विकास ही नही आर्थिक, सामाजिक शैक्षणिक, सांस्कृतिक सभी क्षेत्रों में विकास हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने ब्रम्हलीन स्वामी आत्मानंद जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि स्वामी आत्मानंद ने स्वामी रामकृष्ण परमहंस की विचार-धारा को छत्तीसगढ़ की जमीन पर साकार किया और मानव सेवा व शिक्षा संस्कार की अलख जगायी। स्वामी विवेकानंद के विचारों का आत्मानंद जी पर भी गहरा असर हुआ, जिससे उन्होंने अपना पूरा जीवन दिन-दु:खियों की सेवा में बिता दिया। मठ और आश्रम स्थापित करने के लिए एकत्र की गई राशि उन्होंने अकाल पीड़ितों की सेवा और राहत काम के लिए खर्च कर दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी आत्मानंद जी का समाज सुधारक और शिक्षाविद के रूप में छत्तीसगढ़ में बड़ा योगदान है। उनके मानव सेवा के क्षेत्र में किये गये कार्य अनुकरणीय और प्रेरणास्प्रद हैं। उन्होंने पीड़ित मानवता की सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताया। उनके आदर्शों और विचारों से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार आगे बढ़ रही है। स्वामी आत्मानंद जी ने वनवासियों के उत्थान के लिए नारायणपुर आश्रम में उच्च स्तरीय शिक्षा केन्द्र की स्थापना की। राज्य सरकार द्वारा इसी तर्ज पर जिला मुख्यालयों और विकासखण्डों में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश और हिन्दी मीडियम स्कूल शुरू किये जा रहे हैं। प्रदेश में ग्रामीण सहित दूरस्थ अंचलों में 753 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के स्कूल संचालित हो रहे हैं। इसी कड़ी में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा देने के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कालेज भी प्रारंभ किया जा रहा है। इस पहल को और आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग सेंटर योजना शुरू की है। इससे गरीब और दूरस्थ क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आगे बढ़ने के सभी अवसर उपलब्ध हो सके। इस योजना के माध्यम से इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रदेश के 146 विकासखण्ड मुख्यालयों और 4 शहरों, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग भी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि स्वामी आत्मानंद जी ने आदिवासियों के सम्मान एवं उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए अबुझमाड़ प्रकल्प की स्थापना की। नारायणपुर में वनवासी सेवा केन्द्र प्रारंभ कर वनवासियों की दशा और दिशा सुधारने की प्रयास किये गये है।

# दुर्ग सेक्टर व्हॉलीबाल प्रतियोगिता में गर्ल्स कॉलेज विजेता



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की महिला व्हॉलीबाल की टीम ने सेक्टर स्तरीय व्हालीबाल प्रतियोगिता में विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। शासकीय विष्वनाथ यादव तामस्कर स्वषासी स्ना. महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित सेक्टर स्तरीय महाविद्यालयीन व्हॉलीबाल प्रतियोगिता में जिले की दस टीमों ने भाग लिया।**

इस प्रतियोगिता का फाईनल मैच स्वामी स्वरूपानन्द महाविद्यालय हुडको भिलाई तथा गर्ल्स कॉलेज दुर्ग के बीच खेला गया। इस मैच में गर्ल्स कॉलेज दुर्ग की टीम ने एकतरफा मैच खेलते हुए स्वरूपानन्द महाविद्यालय की टीम को बड़े अंतर से पराजित किया। उल्लेखनीय है कि विगत कई वर्षों से महिला व्हॉलीबाल प्रतियोगिता में गर्ल्स कॉलेज की टीम लगातार विजयी रही है। महाविद्यालय की टीम की कप्तान - कु. प्रिया षिखा एवं टीम को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुषील चन्द्र तिवारी एवं क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने बधाई दी है। दुर्ग सेक्टर की टीम घोषित कर दी गई है जिसमें महाविद्यालय की पाँच छात्राओं ने जगह बनाई है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता गुरूकुल महाविद्यालय, रायपुर में आयोजित की जा रही है।

विजेता टीम में तोमेश्वरी जंघेल, दीप्ती राठौर, अनुष्का निषाद, निरजरा तांडी, राखी सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया अन्य खिलाड़ी थे प्रियंका साव, डोना साहू, कविता जेना, करिश्मा हिडको, अनुराधा कावड़े, टीम मैनेजर-डॉ. ऋतु दुबे तथा प्रशिक्षक सुश्री दिव्या साहू एवं सुश्री मधु थी। महाविद्यालय क्रीड़ा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव सदस्य जागृत ठाकुर एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी।

## खास खबर

### जोबी कॉलेज के विद्यार्थियों ने पौध रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**रायगढ़।** शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मेरी माटी-मेरा देश, सुधा का संवर्धन-वीरों का अभिनंदन कार्यक्रम के तहत फलदार एवं छायादार वृक्षों का पौधारोपण किया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने नीम, तुलसी, करंज, आम, जामुन और कटहल जैसे पौधों को लगाने के साथ ही उनकी देखभाल करने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार थवाईत ने छात्र-छात्राओं को प्राकृतिक संसाधनों के प्रति सजग रहने की महत्वपूर्ण बात कही। महाविद्यालय के वरिष्ठ सहा.प्राध्यापक एवं क्रीड़ा समन्वयक वासुदेव प्रसाद पटेल ने कहा कि मेरी माटी, मेरा देश थीम पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के ध्यानाकर्षण के लिए इस पौधारोपण के साथ शिक्षा के विभिन्न आयामों का समन्वय किया गया है। जिसमें भ्रमण, खेल, भाषण, नारे और स्लोगन आदि के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के महत्व को सम्मिलित कर विद्यार्थियों को जागरूक करने का प्रयास किया गया है। जिससे प्राकृतिक संसाधनों का सही तरीके से संरक्षण किया जा सके। इस दौरान सहा.प्राध्यापक एवं रेडक्रॉस नोडल अधिकारी योगेंद्र कुमार राठिया तथा आई.क्यू.ए.सी.समन्वयक डॉ.श्रीमती ज्ञानमणी एक्का के मार्गदर्शन में अतिथि व्याख्याता राहुल राठौर, रितेश राठौर और रेवती राठिया का विशेष योगदान रहा।

### नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव हुआ संपन्न - युवाओं ने बिखेरे प्रतिभा के रंग

**रायपुर।** नेहरू युवा केन्द्र संगठन छग युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय धनेली में 5 व 6 सितंबर तक दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम के उद्द्घाटन में केंद्रीय युवा कार्यक्रम व खेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए वहीं समापन समारोह में कबीरधाम के सांसद संतोष पांडेय जी समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा की देश की सुदृढ़ उन्नति के लिए युवा का आगे बढ़ना अत्यंत ज़रूरी है। राज्य निदेशक श्रीकांत पांडेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में छग के सभी 28 जिलों के प्रतिभागी शामिल हुए हैं। इस महोत्सव में जिला स्तर में हुए भाषण, कविता लेखन, चित्रकारी, मोबाइल फोटोग्राफी, सांस्कृतिक कार्यक्रम व मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम अंतर्गत प्रदेश के 146 विकासखण्डों के लगभग 2500 युवा प्रतिनिधियों शामिल हुए। राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाषण प्रतियोगिता में धमतरी जिले से गुलाब सिंह वर्मा विजेता रहे। इन्होने अमृत काल के पंच प्रण पर बात रखते हुए कहा की आने वाला समय भारत के स्वर्णिम युग के रूप में जाना जायेगा। उन्होंने यूक्रेन रूस युद्ध का हवाला देते हुए कहा की हमारा देश और उसके युवाओं के लिए जो कोई नहीं कर सके वो भारत ने कर दिखाया।

# छत्तीसगढ़ में महिलाएं देश में सबसे ज्यादा सुरक्षित - कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद महिलाओं के जीवन जीने के लिये अपराधमुक्त सुरक्षित वातावरण तैयार हुआ है। एनसीआरबी के आंकड़े बताते है कि छत्तीसगढ़ में पिछले साढ़े 4 साल में महिलाओं के प्रति अपराधों में 78 प्रतिशत की कमी आई है। बलात्कार के मामलों में 62 प्रतिशत और सामूहिक बलात्कार के मामलों में 69 प्रतिशत तक की कमी आई है। घरेलू हिंसा में भी कमी आई है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय क्राइम रिकार्ड ब्यूरों के आंकड़ों के तुलनात्मक अध्ययन में भी छत्तीसगढ़ भाजपा के अंतिम तीन वर्ष (16,17,18) जब राज्य में भाजपा की सरकार थी कि अपेक्षा कांग्रेस राज में अपराधों में कमी आई है। पूर्व रमन भाजपा सरकार के दौरान दुष्कर्म के मामले में 2018 में प्रति लाख आबादी में घटित होने वाले अपराध में देश मे छत्तीसगढ़ प्रथम स्थान पर, वर्ष 2017 में दूसरे स्थान पर था। कांग्रेस सरकार के द्वारा मजबूत की गई कानून व्यवस्था महिलाओं की सुरक्षा के लिये उठाएंगे प्रभावी कदम के बाद वर्ष 2023 में इस अपराध में प्रभावी नियंत्रण हुआ आज छत्तीसगढ़ 9वें स्थान पर है। महिला के विरूद्ध घटित अपराध में छत्तीसगढ़ की स्थिति राष्ट्रीय स्तर पर 18वें स्थान पर है। अपहरण के अपराध घटित हुये है।राष्ट्रीय स्तर पर इस अपराध में छत्तीसगढ़ 13वें स्थान पर है। असम, उड़ीसा, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, राजस्थान प्रति लाख आबादी में होने वाले अपहरण के अपराध छत्तीसगढ़ से अधिक है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का चरित्र सदैव महिला विरोधी रहा है। महिला पहलवान न्याय मांग रही थी, भाजपा उनका विरोध कर रही थी। कठुआ, उन्नाव, हाथरस में भाजपा के तमाम नेता बलात्कारियों के समर्थन में खड़े थे। भाजपा के 15 साल के कुशासन में छत्तीसगढ़ में 27 हजार से अधिक माताएं, बहने गायब हुई। रमन राज में ही इसी छत्तीसगढ़ में मीना खलको, मड़कम हिड़मे और झलियामारी जैसी दुष्कर्म और हत्या की जघन्य घटनाएं होती रही। कमीशन-खोरी के लालच में महिलाओं के जीवन को संकट में डाला गया, नसबंदी कांड, गर्भाशय कांड हुए। नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी ओपी गुप्ता को तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह के सीएम आवास में संरक्षण मिलता रहा। पीड़िता के परिवार वालों पर दबाव बनाने, पीड़िता के परिजनों का अपहरण करने जैसे मामलों में भाजपा के कई दिग्गज नेता पूर्व में संलिप्त पाए गए हैं। भाजपा की पदाधिकारी गंगा पांडे मानव तस्करी के मामले में हरियाणा में पकड़ी गई। छत्तीसगढ़ में भयमुक्त वातावरण कांग्रेस सरकार का कमिटमेंट है और प्रशासन अपनी जिम्मेदारी बेहतर तरीके से निभा रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर त्वरित अमल

# ललित सुरजन संचार प्रतिनिधि आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना के लिए आवेदन शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में की गई घोषणा पर त्वरित अमल करते हुए जनसंपर्क विभाग द्वारा 'ललित सुरजन संचार प्रतिनिधि आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना' के लिए आवेदन लेना शुरू कर दिया है। योजना अंतर्गत 30 लाख तक के आवास ऋण के लिए 5 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज अनुदान 5 वर्षों तक दिया जाएगा। यह योजना एक अप्रैल 2023 के बाद से क्रय मकान पर प्रभावशील होगी। योजना से संबंधित नियम एवं आवेदन का प्रारूप जनसंपर्क विभाग की वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की इस पहल से प्रदेश के पत्रकार अब किफायती दर पर आवास का सपना पूरा कर सकेंगे।

योजना का लाभ केवल आवासीय ऋण पर दिया जाएगा तथा क्रय किया जाने वाला मकान छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर होना चाहिए। ब्याज अनुदान अधिकतम 30 लाख रुपए के आवास ऋण की सीमा तक दिया जाएगा। संचार प्रतिनिधि द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंकों, रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया से अधिसूचित वित्तीय संस्थानों एवं सहकारी बैंकों से लिए गए आवास ऋण पर प्रतिमाह 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 5 वर्षों तक दिया जाएगा। योजना का लाभ न्यूनतम 5 वर्ष से छत्तीसगढ़ में निवास कर दैनिक समाचार तथा टी.वी. न्यूज चैनल्स में पंजीकृत समाचार एजेंसियों के सम्पादकीय शाखा में कार्य कर रहे पूर्णकालिक तथा अंशकालिक संचार प्रतिनिधि तथा अधिमान्यता नियमों की अर्हतादायी शर्तों को पूरा करने वाले न्यूज पोर्टल्स के सम्पादक एवं स्वतंत्र पत्रकार ले सकेंगे।

संचार प्रतिनिधि स्वयं अथवा पत्नी के साथ संयुक्त नाम से आवास ऋण लें तभी होगी पात्रता- संचार प्रतिनिधि स्वयं अथवा पत्नी के साथ संयुक्त नाम से आवास ऋण लेने पर ही इस योजना की पात्रता होगी। योजना मात्र एक आवास ऋण में ही लागू होगी। किसी संचार प्रतिनिधि द्वारा पूर्व से अपने अथवा पत्नी के स्वामित्व का मकान योजना लागू होने के बाद अवयस्क/वयस्क संतान को अंतरित कर नया आवास लेने की दशा में योजना का लाभ नहीं मिलेगा। पूर्व से स्वीकृत आवास ऋण पटाकर नये आवास ऋण प्राप्त करने पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। संचार प्रतिनिधियों द्वारा नियमित ऋण एवं ब्याज अदायगी करने पर ही इस योजना का लाभ मिलेगा। डिफॉल्टर होने की स्थिति में योजना के लाभ की पात्रता स्वयमेव समाप्त हो जायेगी। योजना में पात्रता के लिए स्वयं अथवा पत्नी, आश्रित पुत्र-पुत्री के नाम से कोई अन्य आवासीय भवन नहीं होना चाहिए। इस आशय का शपथ-पत्र देना होगा। शपथ पत्र के साथ संचार प्रतिनिधियों द्वारा रजिस्ट्रीकृत बैंकों अथवा रजिस्ट्रीकृत वित्तीय संस्थाओं से लिए गए ऋण स्वीकृति एवं ऋण वितरण के प्रमाणित अभिलेख जनसम्पर्क संचालनालय में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन के साथ प्रस्तुत करने होंगे। बैंकों को ऋण के मूल एवं ब्याज के नियमित भुगतान करने संबंधी बैंक का प्रमाण-पत्र जनसम्पर्क संचालनालय में प्रस्तुत करने पर प्रतिमाह 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान की गणना कर संबंधित पत्रकार के बैंक खातों में राशि दी जाएगी।

# कैट ने इस त्यौहारी सीजन में ऑनलाईन खरीदारी न करने का आग्रह किया




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियों की मिटिंग कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी की अध्यक्षता में हुई। मिटिंग में कैट ने इस त्यौहारी सीजन में अमेजॉन एवं फ्लिपकार्ट सहित अन्य विदेशी कम्पनियों से ऑनलाईन खरीदारी न करने का आग्रह किया। इसकी शुरूआत सभी पदाधिकारियों ने अपने घर परिवार के सदस्यां को जागरूक करते हुए किया।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि हर त्यौहारी सीजन की तरह इस बार भी विदेशी ऑनलाइन कंपनियों ने ऑफर का जाल 7 से 15 अक्टूबर तक बिछा लिया है। अमेजन और फ्लिपकार्ट दोनों कम्पनियाँ गत अनेक वर्षों से ई-कॉमर्स व्यापार में अपने मनमाने तरीके जिसमें जिसमें लागत से कम मूल्य निर्धारण, गहरे डिस्काउंट, ब्रांड्स के साथ विशेष व्यवस्था और इन्वेंट्री पर अपना नियंत्रण रखना आदि कुप्रथाएं को जारी रखे हुए हैं। ये विदेशी कम्पनियां आम नागरिको को वस्तुओं के कीमतो में छूट देने का प्रलोभन देकर ठगी का शिकारी बनाती है। हमें इस प्रकार के प्रलोभनो से बचना चाहिए। और इनके झांसे में नहीं आना चाहिए। कैट आप सभी नागरिको से विनम्र आग्रह करती है कि अपने शहर के व्यापारी से ही ख़रीदारी करें। ताकि देश का पैसा देश में रहें। जिससे कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके। कैट के इस जन-जागरण अभियान का हिस्सा बनें। और विदेशी कम्पनियों का बहिष्कार कर स्वदेशी अपनाये।

जो अमेजॅन और फ्लिपकार्ट ने भारतीय ई-कॉमर्स बाजार को बेहद विषाक्त कर दिया है। अब यह सही समय है जब इन कंपनियों के व्यावसायिक व्यवहारों को कानून के अंतर्गत लाना बेहद जरूरी है और अगर अभी भी वे एफडीआई नीति का उल्लंघन करते पाए जाते हैं, तो उन्हें भारत छोड़ने के लिए कहा जाना चाहिए। ये कंपनियां आर्थिक आतंकवादी हैं और ईस्ट इंडिया कंपनी का दूसरा संस्करण हैं।

मिटिंग में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे :- जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, विजय पटेल, नरेश पाटनी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, महेश खिलोसिया, सतीश श्रीवास्तव, दीपक विधानी, विक्रांत राठौर, रतन सिंह, गिरिश पटेल, रौनक पटेल, मनीष कुमार सोनी, रमेश पटेल, मोहित अठवानी, प्रकाश माखीजा, अमित गुप्ता, नागेन्द्र कुमार तिवारी एवं मुकेश झा आदि।


















# मलेशियाई नोट का झांसा देकर व्यापारी से 3.50 लाख की ठगी, पुलिस की गिरफ्त में आए तीन शातिर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मलेशियन करेंसी देने का झांसा देकर भिलाई तीन के व्यापारी से साढ़े तीन लाख की ठगी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में सुपेला थाने में गुरुवार को अपराध दर्ज हुआ और पुलिस ने गदा चौक सुपेला से घेराबंदी कर तीन आरोपियों अब्दुल रर्फ खान, सांईफुल एवं आकाश मलिक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



बता दें भिलाई तीन निवासी राजू जैन ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। राजू जैन ने बताया कि भिलाई- 3 में उसकी कपड़े की दुकान है। अब्दुल रउफ खान, सांईफुल एवं आकाश मलिक तीनों उसकी दुकान में आये और एक अंडरवियर खरीदने के बाद 50 का मलेशियन नोट दिखाया। मलेशियन नोट की भारतीय मुद्रा के रूप 800 रुपए से ज्यादा कीमत है। उसने यह भी बताया कि उसके पास ऐसे 1660 नोट हैं जिसे वे बदलवाना चाहते हैं।

राजू जैन तीनों के झांसे में आ गया और अपने परिचित प्रदीप जैन के साथ मिलकर डील सेट की। इसके बाद बीते 27 सितंबर को गदा चौक सुपेला के पास तीनों से मुलाकात हुई। इस दौरान तीनों ने बैग में भरकर नोट लेकर पहुंचे। बैग से निकालकर तीन नोट भी दिखाए। तसल्ली होने के बाद राजू जैन ने अपने पास से 3 लाख 50 हजार रुपए तीनों को दिए और मलेशियन नोटों से भरा बैग लेकर चले गए। घर जाकर जब बैग देखा तो उसमें मलेशियन नोटों की जगह कागज की गड्डियां भरी हुई थी। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की।

सुपेला थाने व एसीसीयू की संयुक्त टीमें आरोपियों की तलाश कर रही थी। पीड़ित के बताए हुलिए के आधार पर पुलिस गदा चौक सुपेला के पास से संदेहियों को हिरासत में लिया। पुलिस पूछताछ में तीनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि वे पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं और सुपेला में किराए का मकान लेकर रह रहे थे। तीनों आरोपियों पर विधिवत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी दुर्गेश कुमार शर्मा, एसीसीयू प्रभारी नरेश पटेल, संतोष मिश्रा, एएसआई चन्द्रशेखर सोनी, प्रधान आरक्षक रूमन सोनवानी, सगीर खान व एसीसीयू की संयुक्त टीम का विशेष योगदान रहा।

# बेटे के साथ मिलकर पत्नी ने ले ली पति की जान

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में बीती रात महिला ने अपने बेटे के साथ मिलकर अपने 60 साल के पति की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच पिछले पांच वर्षों से विवाद चल रहा है। पति अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था जिसके कारण यह वारदात हुई। घटना के बाद पुलिस ने आरोपिया महिला व उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। मामला जिले के देवभोग थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार देवभोग थाना क्षेत्र के ग्राम दबनाई में बीती रात गंगेश्वर सोनवानी (60) की हत्या उसके बेटे गिरीश सोनवानी और पत्नी लक्ष्मीबाई ने कर दी। दोनों ने मिलकर डंडे और पत्थर से पीट-पीट कर गंगेश्वर मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद शव को गांव के शिवमंदिर के पास पुलिया के नीचे फैंक दिया। ग्राम कोटवार ने लहूलुहान शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंगेश्वर के शव को पीएम के लिए भेजा और जांच पड़ताल के बाद आरोपिया लक्ष्मीबाई व उसके बेटे गिरीश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में यह बात सामने आई है कि गंगेश्वर अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था।

# कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

( संपत्तिकर विभाग )

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2023/727/360 — भिलाई दिनांक 05/10/2023

//स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना//

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध मे कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद मे प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा:-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1) मथाई डेनियल, पिता-श्री के. आई. डेनियल, 2) श्रीमती श्रीलेखा प्रदीप, पति-श्री प्रदीप योहन्नान, दोनों निवासी:- म.न.-सी 1ए/223, सूर्या विहार कालोनी, जुनवानी भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | दिपेश जैन, पिता-स्व. हरकचंद जैन निवासी-226, मालवीय नगर, दीपक नगर, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी वार्ड नं.-01 सूर्या विहार अंदर भाग भिलाई खसरा नंबर-726/9, मकान नं.- सी 2/175 रकबा- 2400 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 2 | 1) हेमंत कुमर गहलोत, पिता-गोविन्द राम गहलोत, 2) हुकुम कुमार गहलोत, पिता-गोविन्द राम गहलोत, 3) राजकुमार गहलोत, पिता-गोविन्द राम गहलोत 4) पवन कुमार गहलोत, पिता-गोविन्द राम गहलोत, 5) राधा गहलोत, पिता-गोविन्द राम गहलोत, सभी निवासी-शांति नगर कोहका भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती आशा जैन, पति-राजेश जैन, निवासी-शांति नगर कोहका भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, (वार्ड नं.-11 अम्बेडकर नगर अंतर्गत शांति नगर अंदर भाग), भिलाई खसरा नंबर-7132/6 रकबा-1506.95 वर्गफीट। |
| 3. | डॉ. अंजना चौधरी, पति-डॉ. विजय कुमार चौधरी, निवासी-बी/287, स्ट्रीट नं.-03, स्मृति नगर, बी एस आर हास्पिटल के सामने, भिलाई तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) | मालविका तिवारी, पिता-श्री भूपेन्द्र कुमार तिवारी निवास- एम एम 4, वार्ड नं. 06, ज्योति विद्यालय कैलाश पुरी रायपुर (छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, वार्ड नं. 02, CHPL DREAM HOMES APARTMENTS, स्मृतिनगर भिलाई, फ्लैट नं. 4, ब्लाक नं. -"I", प्रथम तल, क्षेत्रफल-1100 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित । |
| 4 | मे. एनार स्टेट प्रा.लि. डायरेक्टर श्री संजीव फतेहपुरीया, आ. श्री गोपाल फतेहपुरीया, रजिस्टर्ड ऑफिस 49 नेहरु नगर पूर्व भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) एवं मे. बिल्टेक इंजी. प्रा.लि. डॉयरेक्टर श्री मनीष गुप्ता, आ. श्री कुलदीप कुमार गुप्ता, रजिस्टर्ड ऑफिस फोर्थ फ्लोर, सूर्या ट्रेसर आईलैण्ड मॉल, जुनवानी भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | 1. श्रीमती ज्योति चौहान, पति-श्री विजेन्द्र सिंह चौहान, 2. श्री विजेन्द्र सिंह चौहान, आ. श्री माधो सिंह चौहान, निवासी-सूर्य विहार कालोनी, जुनवानी, मोतीलाल नेहरु नगर भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड नं. 01 सूर्या टावर-11 सूर्य विहार फेस-2 कालोनी, जुनवानी भिलाई, फ्लैट नं. 202, द्वितीय तल, क्षेत्रफल-1096.00 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 5 | मे. बिल्टेक इंजी. प्रा.लि. डॉयरेक्टर श्री मनीष गुप्ता, आ. श्री कुलदीप कुमार गुप्ता, रजिस्टर्ड ऑफिस फोर्थ फ्लोर, सूर्या ट्रेसर आईलैण्ड मॉल, जुनवानी भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | 1. श्रीमती पल्लवी व्यास, पति-श्री अंशुल व्यास, 2. श्री अंशुल व्यास, आ. श्री महेशचन्द्र व्यास, निवासी-फ्लैट नं. 41, ब्लाक-ए, चतुर्थ तल, सूर्या अपार्टमेंट जुनवानी भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड-01 सूर्या अपार्टमेंट, जुनवानी (नियर मॉडल टाऊन), भिलाई, फ्लैट नं.-ए/42, ब्लाक-ए, चतुर्थ तल, क्षेत्रफल-752.00 वर्ग फीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 6. | चौहान हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड के तरफ से श्री अजय चौहान, आ. स्व. श्री विपत ऊर्फ दीपेश्वर चौहान, निवासी- राजीव नगर, सुपेला, वार्ड नं. -19, सुपेला भिलाई एवं, रजि. ऑफिस- भूतल, चौहान इस्टेट, जी.ई. रोड सुपेला भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | श्री प्रकाश भूषण, आ.स्व. बचन जी सहाय, निवासी-फ्लैट नं. 203, टॉवर-II फेस-2, सूर्य विहार, जुनवानी, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, "चौहान्स पार्क व्यू" (वार्ड क्रं.-01, जुनवानी से चिखली जाने वाली मुख्य मार्ग से 20 मीटर अंदर भाग में स्थित), भिलाई फ्लैट नं. -34, चतुर्थ तल, क्षेत्रफल-1099.97 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैअ निर्मित। |

उपायुक्त ( संपत्तिकर )
नगर पालिक निगम
भिलाई

# नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 40 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ पकड़ाई महिला



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफबड़ी कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र में एक महलिा को ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा है। महिला के पास से 40 पुड़िया ब्राउन शुगर जब्त किया गया। इस मामले में पुलिस ने महिला के खिलाफ धारा 21 (बी), 27 (ए) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपीया को ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा। पुलिस ने बताया कि उक्त महिला पर इससे पहले भी ऐसे ही एक मामले में कार्रवाई की जा चुकी है।

बता दें दुर्ग एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश जारी किया था। इसके बाद सभी थानों में ऐसे मामलों में कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को चंडी मंदिर के पीछे मठपारा दुर्ग में रेशमा खान (39) को अवैध रूप से प्रतिबंधित ब्राउन शुगर बेचने के मामले में गिरफ्तार किया गया। आरोपीया के कब्जे से 40 पुड़िया कोरे कागज में लपटे हुआ कुल 5.16 ग्राम ब्राउन शुगर किमती 14,800 रुपए बरामद किया गया। आरोपियां के पास से 30 हजार रुपए नगद भी जब्त किया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी महेश ध्रुव, उप निरीक्षक खगेन्द्र पठारे, एएसआई किरेन्द्र सिंह, महिला प्रधान आरक्षक चंपा यादव, आरक्षक आलउद्दीन शेख, लव पाण्डेय, सतीश वानखेडे एवं महिला आरक्षक गीतेश्वरी पांडे का विशेष योगदान रहा।

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 03.10.2023

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
(प्रथम आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 18.10..2023 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र./ सि.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 297/149049 | जिला दुर्ग के मिनीमाता चौक से अंडा फोरलेन मार्ग के कि.मी.4/2 से 15/10 = 12.00 कि.मी. में रोड़ फर्नीचर कार्य | 166.44 |
| 298/149053 | उपसंभाग क्रं. 02 दुर्ग अंतर्गत करंजा भिलाई सं ढौर मार्ग कि.मी. 1,2,3 कुल लं. 3.00 कि.मी. (लं. 5.00) बोडेगावं. से बागडूमर मार्ग लं. 1.20 कि.मी. में बी.टी. रिनीवल कार्य । | 49.08 |
| 299/149055 | उपसंभाग क्रं. 02 दुर्ग अंतर्गत दुर्ग धमधा बेमेतरा (एस.एच.) 34,35,40 एवं 41 कुल नं. 4.00 कि. मी. में बी.टी. रिनीवल कार्य । | 118.44 |
| 300/149056 | कौडीकसा -अरजकुंड पाटन मार्ग (एमडीआर-523) कि.मी. लं. 17/2 से 22/10 =6.00 कि. मी. कुल लं. 24.80 डामर नवीनीकरण कार्य | 76.13 |
| 301/149062 | उपसंभाग डोंगरगढ के अंतर्गत शास. आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य | 40.00 |
| 302/149071 | मेन रोड़ से बेस कैम्प कन्हारगांव पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य लं 2.00 कि.मी | 150.53 |
| 303/149072 | उपसंभाग क्रं. 02 दुर्ग के अंतर्गत धमधा कॉलेज पहुच मार्ग कि.मी. 1 एवं 2 लं. 2.00 कि.मी. एवं डोरकी अरसी लिटिया कि.मी. 1,2,3 लं. 3.00 कि.मी बी.टी. रिनीवल कार्य । | 72.92 |
| 304/149073 | उपसंभाग क्रं. 01 दुर्ग के अंतर्गत कसारीडीह सिविल लाईन के मार्ग 1.65 कि.मी एवं 2.385 कि. मी. में बी.टी. रिनीवल कार्य । | 83.37 |
| 305/149076 | उपसंभाग क्रं. 01 दुर्ग के अंतर्गत पटेल चौक, ग्रीन चौक, सर्किट हाउस मार्ग लं. 1.00 कि.मी में बी.टी. रिनीवल कार्य । | 112.95 |
| 306/149077 | उपसंभाग क्रं. 03 दुर्ग अंतर्गत चेटुआ से नंदोरी मार्ग लं. 4.00 कि.मी. एवं कारोकन्या से तरकोरी मार्ग लं. 3.00 कि.मी. बी.टी. रिनीवल कार्य । | 110.95 |
| 307/149173 | लोक निर्माण विभाग अनुविभाग क्रं. 02 बालोद के अंतर्गत शास. स्वामी आत्मानंद अंग्रजी माध्यम स्कूल घोटिया का रेनोवेशन कार्य | 85.66 |
| 308/149078 | जिला खैरागढ-छुईखदान-गंडई के साल्हेवारा में नवीन तहसील भवन का निर्माण कार्य | 64.60 |
| 309/149175 | जिला राजनांदगांव के मचानपार (वि.ख. डोंगरगांव) में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य | 67.99 |

टीप

1. एन.आई.टी.क्रं. 297,298,299,303,304,305 एवं 306 लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग से संबंधित है, एन.आई.टी. 300 एवं 310 लोक निर्माण विभाग राजनांदगांव संभाग राजनांदगांव से संबंधित है, एन.आई.टी. क्रं 301,302 एवं 308 लोक निर्माण विभाग खैरागढ संभाग खैरागढ से संबंधित है,एन.आई.टी. क्रं 307 लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग बालोद से संबंधित है ।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य ज़ानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
3. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

जी-06070/6

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष - 0788-2210876

# बस्तर फाइटर्स के जवान को नक्सलियों ने किया रिहा, समाज के सामने रखी शर्त



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पदस्थ बस्तर फाइटर्स के जवान शंकर कुड़ियम को नक्सलियों ने सशर्त रिहा कर दिया है। अगवा करने के 8वें दिन नक्सलियों ने जवान को रिहा किया और आदिवासी समाज के सामने शर्त भी रखी। जवान के वापस लौटने के बाद परिवरजनों ने राहत की सांस ली है।

बता दें एरमनार निवासी बस्तर फाइटर्स के जवान शंकर कुड़ियम को नक्सलियों ने सप्ताहभर पहले भैरमगढ़ ब्लॉक उसपरी घाट से अगवा कर लिया था। अपहरण के बाद सात दिनों तक उसे बंधक बनाकर रखा। इस बीच आदिवासी समाज, परिजन व बीजापुर एसपी ने वीडियो जारी कर नक्सलियों से जवान को रिहा करने की अपील की थी। इसके बाद शुक्रवार को नक्सलियों ने जवान को आदिवासी समाज के सामने रिहा कर दिया।

## ।। कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग ।।

EmailId:- durgmc 2019 @gmail.com   Phone:- 0788-2322148

-:: मेनुअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक / 280 / लो.क.वि.अ. / 2023-24 — दिनांक 03 / 10 / 2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो.नि.वि. में प्रचलित भवन एस0ओ0आर0 दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युत एस0ओ0आर0 दिनांक 01.06. 2020 में निविदा दिनांक तक संशोधित दर पर कम/अधिक प्रतिशत दर पर तीन लिफाफा पद्धति के माध्यम से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निम्नांकित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा प्रपत्र कय हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 09.10.2023
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 16.10.2023
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 23.10.2023
निविदा खोलने की तिथि - 25.10.2023 शाम 4.00 बजे

| क | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रं. 30 इंदिरा मार्केट, दुर्ग में लोहे का ग्रील लगाने हेतु। (विधायक निधि 2023-24) | 5.00 |

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, दुर्ग

## कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ0ग0)

ई-मेल: mandi.durg.cg@gmail.com

Azadi Ka Amrit Mahotsav

कमांक / मंडी / निर्माण / दुर्ग / 2023-24 / 907 — दुर्ग.दिनांक- 04/10/2023

-:: द्वितीय मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति-दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.) में निम्न दर्शित कार्य/स्थल एवं कार्य के सम्मुख दर्शित लागत अनुसार कार्य कराये जाने हेतु **छ.ग.लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत** सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएँ केवल पंजीकृत डाक से तीन लिफाफा पद्धति से दिनांक-20.10.2023 को सायं 05.30 बजे तक छ.ग.शासन लो.नि.वि. में प्रभावशील एसओआर एवं इस निविदा के जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर निविदा प्रपत्र-अ (प्रतिशत दर) में सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति-दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में आमंत्रित की जाती है । प्राप्त निविदाएँ इस कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों/प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांक-25.10.2023 को दोपहर 03.00 बजे खोली जावेगी ।

1-निविदा विकय की अंतिम तिथि :- 17.10.2023 को सायं 05.30 बजे तक
2-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 20.10.2023 को सायं 05.30 बजे तक
3-निविदा प्रपत्र खोले जाने की प्रारंभिक तिथि :- 25.10.2023 को दोप. 03.00 बजे से

कार्यों का विवरण निम्नानुसार है :-

| कं. | निर्माण कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | अमानत राशि रू. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | एसओआर विवरण | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मूलमंडी परिसर के सामने स्थित दुकानों का सौन्दर्यीकरण (बाउण्ड्रीवाल) 02 नग प्रत्येक की लागत रूपये 9.99 लाख | 19.80 | 20000/- | 1000/- | 02 माह | C.G.P.W.D. Road work SOR. w.e.f. 01.01.2015/ Building work 01-01-2015 कार्य के प्रकार अनुसार | "डी" एवं उच्च |
| 2 | मूलमंडी प्रांगण के प्रवेश द्वार के सामने सी.सी.रोड निर्माण | 19.42 | 19500/- | 1000/- | 02 माह | | "डी" एवं उच्च |
| 3 | मूलमंडी प्रांगण में निर्मित 56 नग दुकानों के सामने नाली निर्माण | 19.51 | 19500/- | 1000/- | 02 माह | | "डी" एवं उच्च |

1- निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये वैद्य पंजीयन, बैंक साल्वेंसी (एक साल से पुराना न हो एवं अनुमानित लागत का 15 प्रति. की मूल्य का), जी.एस.टी. पंजीयन, पेन कार्ड की मूल प्रति अवलोकनार्थ तथा आवेदन सहित समस्त दस्तावेजों की छायाप्रति प्रस्तुत करने के उपरांत दिनांक-17.10.2023 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित शुल्क रूपये 1000/- की नगद राशि जमा कर प्राप्त किये जा सकते है ।
2- अन्य शर्ते एवं कार्य से संबंधित जानकारी कार्यालय में कार्यालयीन समय में दिनांक-17.10.2023 तक देखे/प्राप्त किये जा सकते है, जो कि इस निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग है ।
3- लिफाफा-"अ" में ई.एम.डी. एवं शपथपत्र, लिफाफा-"ब" में निविदा प्रपत्र एवं लिफाफा-"स" में लिफाफा-"अ" एवं "ब" प्रस्तुत किया जायेगा एवं लिफाफा-"स" में कार्य का नाम का उल्लेख करें ।

सचिव,
कृषि उपज मण्डी समिति दुर्ग
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

S-38908

अध्यक्ष,
कृषि उपज मण्डी समिति दुर्ग
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095



भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006



भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### पद्मनाभपुर में खुला निःशुल्क योग शिविर

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा नियमित योगाभ्यास के लिए पद्मनाभपुर में ओकलेश्वर मंदिर के पास जिम क्लब में नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली तथा प्रतिदिन योगा करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा योगाचार्य के मार्गदर्शन में अभ्यास कर इसे अपने जीवन की नियमित दिनचर्या में सम्मलित करने की अपील छत्तीसगढ़ योग आयोग के चेयरमेन ज्ञानेश शर्मा ने आज पद्मनाभपुर के केन्द्र के शुभारंभ अवसर पर कही एम एल पांडे सचिव छत्तीसगढ़ योग आयोग ने शाररिक मानसिक व आध्यात्मिक ऊर्जा को बढ़ाने हेतु योगा को आवश्यक बताया आज योगा क्लास प्रारंभ के कार्यक्रम में राजेश शर्मा एल्डरमेन संतोष उपाध्याय संजीव श्रीवास्तव रामभाऊ व दीप्ति शर्मा ट्रेनर भूमिका उपाध्याय नीलमणि शुक्ला व पद्मनाभपुर के नागरिक बढ़ी संख्या में उपस्थित थे।

### डेंगू की रोकथाम के लिए सघन अभियान

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 06 अक्टूबर 2023 को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के 01 नये प्रकरण मिले है। वर्तमान में 10 मरीज भर्ती है एवं कोई भी मरीज की गंभीर स्थिति नहीं है। मरीजों के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। डेंगू एलिजा पॉजिटिव का नया मरीज मरोदा सेक्टर का रहवासी है। नगर निगम भिलाई, चरोदा रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र, स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण/शहरीय की टीम द्वारा कुल 123926 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है, जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या 161391 जिनमें से 59668 खाली कराये गये सभी कंटेनरों में 95209 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया।

### जिला अस्पताल दुर्ग में चिकित्सकों ने ली अंगदान की शपथ

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में 6 अक्टूबर 2023 को समस्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को कायाकल्प योजना से संबंधित प्रशिक्षण सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ अरुण कुमार साहु की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। जिसके अंतर्गत अस्पताल मे मानक अनुरूप साफसफाई, जैव अपशिष्ट का उचित प्रबंधन, अस्पताल का उचित रख रखाव, संक्रमण से बचाव हेतु रखी जाने वाली सावधानियाँ जैसे अनेक विषयो पर समस्त विभागों मे व्यवस्था मानक अनुरूप सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये। कायाकल्प योजना 2023-24 अंतर्गत जिला अस्पताल दुर्ग सतत रूप से कार्य कर रहा है। हमारे देश मे प्रत्यारोपण के लिये अंगो और उत्तको की कमी को देखते हुये यह शपथ ली गयी कि वे अपने परिवार, मित्रो एवं देशवासियो को भी अपने अंग एवं उत्तक दान करने के लिये प्रेरित करेंगे।

## सेक्टर 2 तालाब का सौंदर्यीकरण

# छत्तीसगढ़ महतारी और म्यूजिकल फाउंटेन का विधायक देवेंद्र ने किया लोकार्पण

### प्रदेश का पहला तालाब जिसमे लगा है डीएमएक्स सिकवेंशियल म्यूजिकल फाउंटेन, दीवार पर रामायण की म्यूरल पेंटिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेक्टर 2 तालाब भिलाई शहर का ही नहीं बल्कि प्रदेश का पहला ऐसा तालाब है, जहां भगवान श्रीराम के साथ माता सीता और लक्ष्मण के साथ ही छत्तीसगढ़ महतारी के भी दर्शन होंगे। यहां विधायक यादव की पहल से तालाबा का डेवलपमेंट करवाया गया है। जहां म्यूजिकल कलर फाउंटेन भी लगवाया गया है। विधायक देवेंद्र यादव ने शुक्रवार देर शाम इसका लोकार्पण किया।**





इस दौरान जब रंगिन म्यूजिकल फाउंटेन को लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान जब जब चालू किया गया तो लोग एक टक देखते ही रह गए। तालाब का सौंदर्यीकरण देख लोगों में बेहतद उत्साह और उमंग का माहौल है।

गौरतलब है कि सेक्टर 2 तालाब में भव्य रूप से छठ पर्व मनाया जाता है। इस दौरान हजारों की संख्या में भक्त शामिल होते है। इस तालाब के डेवलपमेंट के लिए भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने पहल की। उनके पहल से तालाब का पूरा स्वरूप ही बदल गया है और यह तालाब शहर में एक भव्य और मनमोहक पर्यटन स्थल के रूप में तैयार हो गया है। जहां अब लोग अपने परिवार के साथ घूमने जाएगे। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, लोक कर्मप्रभारी व विधायक प्रतिनिधि एकांश बंछोर, सेक्टर 2 की पार्षद सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे।

#### बच्चों के लिए खेलकूद का सामान

सेक्टर 2 तालाब का सौंदर्यीकरण किया गया है। साथ ही यहां पर बच्चों का खेल मैदान, झूला, लॉन, फूड पार्क बनाया गया है। इसके अलावा यहां सबसे आकर्षण का केंद्र छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा होगी। सेक्टर 2 तालाब में प्रतिमा स्थापित की जाएगी और तालाब के किनारे बने दीवार पर रामगमन पथ का म्यूरल चित्रकला बनाई गई है। यह भी आकर्षण का केंद्र बिंदू होगा। म्यूरल चित्रकला से रामभगवान की यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा। इन सब के साथ अब यहां मनमोहक मनोरंजन के लिए रंगिन म्यूजिकल फाउंटेन भी लगाया गया है।

#### भक्ति का केंद्र है सेक्टर 2 तालाब

इस दौरान विधायक श्री यादव ने कहा कि सेक्टर 2 तालाब भक्ति का केंद्र है। लोगों की श्रद्धा इस तालाब से जूड़ी हुई है। लोगों की भावनाओं का ख्याल रखते हुए तालाब का सौंदर्यीकरण किया गया है। हमने और हमारी सरकार ने इस 5 साल में जितने भी वादे की सब पूरे किए। हमारी सरकार ने टाउनशिप के लोगों को बिजली बिल हाफकी योजना का लाभ दिया। हर परिवार का राशन कार्ड बनवाकर सम्मान दिया।

## विकास कार्य के लिए सभापति एवं जोन अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** भिलाई निगम क्षेत्र में आवागमन को बेहतर बनाने निरंतर कार्य किए जा रहे है, इसी के अंतर्गत आज वार्ड 06 एवं वार्ड 19 में 38 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निमार्ण कार्य की शुरूआत करने सभापति गिरवर बंटी साहू, वैशालीनगर जोन कार्यालय अध्यक्ष रामानंद मौर्य एवं पार्षदों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया।

भूमिपूजन के दौरान जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्या ने कहा कि संबोधित करते हुए कि कहा निगम प्रशासन पूरे निगम क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ विकास कार्य कर रही है, उन्होंने कहा की और भी विकास कार्य आगे किए जाएंगे। वार्ड क्रमांक 19 में आज दो स्थानों पर सीसी रोड निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। जिसमें निकेतन रामनगर से गुरु नानक शादी बारात घर तक अनुमानित लागत 25 लाख एवं दूसरा कार्य रामनगर में रामनगर में बट वृक्ष लाइन से लेकर चैधरी निवास तक सीसी रोड का निर्माण अनुमानित लागत 3 लाख इस भूमि पूजन किया गया।

इसी प्रकार वार्ड 06 में भी सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। सीमेंटीकरण सड़क बनने से इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को गडढे से मुक्ति मिलेगी। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद चवन राम साहू कुंभ साहू बलदाऊ पिपरिया, राजेंद्र, एकांत साहू संजय बोबडे, पवन, विजय, अजय, राजेंद्र मौर्य, राजा, अजय कुशवाहा, राम, सुभाष मौर्य, निगम के इंजीनियर रीमा हूमने सहित मोहल्ले वासी उपस्थित थे।

## प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के लिए उठाया गया प्रेरणासपद कदम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** आदर्श कन्या स्कूल/पॉलिथीन मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकालकर प्लास्टिक मुक्त भारत बनानर का संदेश दिया इस कड़ी में बी.आर.जे.शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती कृष्णा अग्रवाल के निर्देश पर स्कूल की छात्राओं और शिक्षकों द्वारा पर स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत शीतला मंदिर के तालाब में सुबह 6 से 10 बजे तक तीज व्रत की पूजन सामग्री विसर्जन एवं अनंत चतुर्थी पर समय दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक गणेश विसर्जन के अवसर पर प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान चलाया गया।



जिसमें शाला की एन सी सी, एन एस एस, इको क्लब कि छात्रों एवं अन्य सहयोगी छात्राओं द्वारा लोगों में प्लास्टिक से हानि एवं उसके स्थान पर कपड़े की थैली का उपयोग पर्यावरण को हरा भरा बनाए रखने की आवश्यकता को लोगों को बताया छात्राओं द्वारा विसर्जन करने वाले भक्ति गणो से पॉलिथीन को गार्बेज बैग में डलवाया गया, साथ ही पोस्टर, बैनर और नारों के माध्यम से प्लास्टिक के कुप्रभावों से जन सामान्य को अवगत कराया गया छात्राओं के द्वारा मिट्टी के भगवान श्री गणेश की स्थापना करने हेतु और एक निर्दिष्ट स्थान पर मूर्ति एवं अन्य सामग्रियों के विसर्जन हेतु प्रेरित किया गया छात्राओं द्वारा कपड़े की थैली एवं पौधों का निशुल्क वितरण जन सामान्य में किया गया महिलाओं एवं अन्य जन सामान्य ने भी छात्राओं द्वारा दिए गए निर्देशों का बराबर पालन किया एवं उनके इस प्रयास की भूरि भूरि प्रशंसा की उपरोक्त कार्यक्रम शाला के प्राचार्य डॉ श्रीमती कृष्णा अग्रवाल ,15 स्टाफ एवं 40 छात्राओं द्वारा संपन्न किया गया।

## रिसाली में खुला मिलेट्स कैफे, सतनाम भवन व स्कूल का हुआ लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। रिसाली महापौर शशि सिन्हा व प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेन्द्र साहू ने शुक्रवार को निगम क्षेत्र में 100 लाख के विकास कार्य का लोकार्पण किया। इसमें मिलेट्स कैफे भी शामिल है। इसे रायपुर के तर्ज पर तैयार किया गया है। रिसाली के नागरिकों को मिलेट्स से तैयार व्यंजनों का स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराया जा रहा है।**



इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने प्रदेश सरकार की यह अनुठी पहल है। सरकार के इस प्रयास में रिसाली निगम ने भी सहभागिता निभाई है। निगम क्षेत्र की महिलाएं भी अब बड़े-बड़े रेस्टोरेंट की तर्ज पर मिलेट्स कैफे चलाएंगी। लोकार्पण अवसर पर सभापति केशव बंछोर, एमआईसी चन्द्रभान ठाकुर, अनुप डे, गोविन्द चतुर्वेदी, सनीर साहू, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, परमेश्वर वैष्णव, पार्षद विलास राव बोरकर, सुनंदा चंद्राकर, शीला नारखेड़े, अनिल देशमुख, जहीर अब्बास, डॉ. सीमा साहू, सरिता देवांगन, जमुना ठाकुर ब्लाक अध्यक्ष मुकुंद भाऊ, एल्डरमेन, संतुदास मानिकपुरी, संध्या वर्मा, अजीत यादव, मोहम्मद निजाम, आयुक्त आशीष देवांगन आदि उपस्थित थे।

#### 20 लाख खर्च

मिलेट्स कैफे तैयार करने में निगम ने 20 लाख खर्च की है। बीएसपी मार्केट के सामने बने मिलेट्स कैफे में फैमली के साथ आए लोगों के लिए बैठक व्यवस्था अलग से की गई है। वहीं कैफे में खड़े होकर खाने की व्यवस्था पृथक से है। कैफे के उद्घाटन अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेन्द्र साहू ने मिलेट्स से तैयार केक काटा और महिला समूह से नास्ता खरीदकर बोहनी कराई।


#### भवन व स्कूल का लोकार्पण

आचार संहिता लगने से पहले महापौर शशि सिन्हा ने ऐसे विकास कार्यो का लोकार्पण किया जो पूर्ण हो चुके है। इसमें 30 लाख से रिसाली शासकीय स्कूल जीर्णोद्धार, 22 लाख की लागत से मौहारी शासकीय स्कूल जीर्णोद्धार और 28 लाख की लागत से सतनाम भवन निर्माण कार्य शामिल है।

## नेहरू आर्ट गैलरी में एसडी बर्मन और राजू वर्मा की युगल प्रदर्शनी उद्घाटित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरी सिविक सेंटर में, छायाकार एस डी बर्मन और राजू वर्मा द्वारा खींची गई वन्यजीवन आधारित छायाचित्रों की युगल प्रदर्शनी का उद्घाटन, 05 अक्टूबर 2023 को संध्याकाल हुआ।



इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक निशा सोनी द्वारा अन्य वरिष्ठ अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन करके किया गया। इस युगल प्रदर्शनी का आयोजन, 69वे राष्ट्रीय वन्य जीव सप्ताह 2023 के अवसर पर, 05 से 07 अक्टूबर 2023 तक, भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसम्पर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर में किया जा रहा है। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात मुख्य अतिथि, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) निशा सोनी ने आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रदर्शनी के आयोजन की सराहना की। आगंतुक पुस्तिका में श्रीमती निशा सोनी ने लिखा, कि यह वन्यजीवों के तस्वीरों का एक अद्भुत संग्रह था। इन सभी खूबसूरत रंगों के पक्षियों एवं वन्यजीवों को उनकी सम्पूर्ण शोभा को कैमरे में कैद करने वाले फोटोग्राफरों को बधाई। एस डी बर्मन, भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी हैं और वर्तमान में प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस में मास्टर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत हैं। वह शौकियां तौर पर प्रकृति, वन्यजीवन और खेल फोटोग्राफर हैं। श्री राजू वर्मा (खेमराज) पाटन क्षेत्र के ग्राम मर्रा के निवासी हैं और वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी में अपने काम के लिए जाने जाते हैं।

इनकी तस्वीरों में, इजिप्शियन वल्चर के गिद्ध सहित प्रवासी पक्षियों की कई दुर्लभ प्रजातियाँ, जो केवल दो महीने के लिए भारतीय उपमहाद्वीप में देखी जाती हैं, साथ ही भारतीय पिट्टा पक्षी, ओरिएंटल डार्टर पक्षी, येलो वॉटल्ड लैपविंग और अन्य दुर्लभ पक्षी और पशु प्रजातियों की तस्वीरें भी हैं जो तेजी से बढ़ रही हैं। प्रदर्शनी में इन् पक्षियों के दर में कमी को भी दर्शाया गया है। इन तस्वीरों में, राजसी रॉयल बंगाल टाइगर्स और अन्य सुरम्य पशु जीवन के क्षणों को खूबसूरती से चित्रित किया गया है।

### शहर सरकार ने नागरिकों को सुविधाएं देने लिए कई निर्णय

# सरस्वती कुंज में भवन निर्माण अनुमति देने एमआईसी ने लगाई मुहर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। वार्ड 26 सरस्वती कुंज में घर बनाने लोगों का सपना साकार होगा। शुक्रवार को एमआईसी बैठक में सरस्वती कुंज में भवन निर्माण अनुमति देने महापौर परिषद रिसाली ने मुहर लगा दी है। दरअसल सरस्वती कुंज में अवैध प्लाटिंग के कानूनी दाव पेच में भवन निर्माण अनुमति दिए जाने का मामला अधर में अटका हुआ था।**



महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में परिषद के सद्स्यों ने विकास शुल्क का निर्धारण किया। महापौर परिषद की बैठक में अवधपुरी वार्ड 26 के सीमा क्षेत्र में शामिल मैत्रीकुंज के चिन्हित खसरा का मार्ग संरचना का अनुमोदन करते विकास शुल्क का अनुमोदन किया। प्रस्ताव एमआईसी में पारित होने से ऐसे लोगों को राहत मिलेगी जो कई वर्षो से निगम का चक्कर लगा रहे थे।

महापौर परिषद की बैठक में चन्द्रभान ठाकुर, अनुप डे, गोविन्द चतुर्वेदी, सनीर साहू, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, परमेश्वर कुमार, आयुक्त आशीष देवांगन, निगम सचिव रोहित साहू आदि उपस्थित थे।

#### सभी वार्डो में बैडमिंटन कोर्ट

दरअसल पिछली एमआईसी में कुछ वार्डो में बैडमिंटन कोर्ट बनाने प्रस्ताव पर महापौर समेत परिषद के सद्स्यों ने मुहर लगाई थी। इस बैठक में परिषद के सद्स्यों ने सभी वार्डो में बैडमिंटन कोर्ट बनाने के प्रस्ताव को पारित किया।

#### बनेगा सामुदायिक भवन

क्षेत्रीय विधायक एवं गृह व लोकनिर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू के विशेष प्रयास से कई वार्डो में सामुदायिक भवन का निर्माण करने भूमि पूजन किया गया है। वहीं छुटे हुए वार्ड में सामुदायिक भवन बनाने का निर्णय लिया गया है। परिषद के सद्स्यों ने राज्य सरकार समक्ष प्रतिभवन 10 लाख स्वीकृत करने प्रस्ताव प्रेषित किया है। गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या और शुद्ध जल उपलब्ध कराने शहर सरकार ने योजना बनाई है। प्रत्येक वार्ड में 4-4 लाख खर्च कर वाटर फिल्टर लगाया जाएगा। परिषद के सद्स्यों ने कहा कि इससे नागरिकों को पीने के पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

#### चौपाटी के साथ बच्चों को मिलेगा खेल ग्राउंड

मरोदा चैपाटी के बगल में खाली जगह का विस्तार किया जाएगा। इस जगह पर पेवर ब्लाक लगाकर मल्टी स्पोर्टस एरिया तैयार किया जाएगा। मुहल्ला बल्कि चैपाटी आने वाले बच्चों को खेलने पर्याप्त जगह मिलेगी।

#### इस प्रस्ताव पर भी मुहर

एमआईसी सद्स्यों ने वार्ड 11, 12 में बने गजीबो की तर्ज पर नागरिकों के बैठने की व्यवस्था करना, नागरिकों की मांग पर प्रत्येक वार्ड में बने मंच पर डोम शेड लगाने और पार्षद जहीर अब्बास व पार्षद अनिल देशमुख के वार्ड में सियान सदन बनाने प्रस्ताव पर मुहर लगाया है।

## सेल-बीएसपी ने प्रतिष्ठित सीआईआई - उत्कृष्ट ऊर्जा कुशल इकाई पुरस्कार और सर्वाधिक नवोन्मेषी परियोजना पुरस्कार जीता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) ने, 13 से 15 सितंबर 2023 के दौरान हैदराबाद में सीआईआई-गोदरेज ग्रीन बिजनेस सेंटर द्वारा आयोजित, ऊर्जा प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए 24वें राष्ट्रीय पुरस्कार में ऊर्जा संरक्षण और नवाचार में अनुकरणीय प्रयासों के लिए 'सीआईआई-उत्कृष्ट ऊर्जा कुशल इकाई' पुरस्कार और 'नवोन्मेषी परियोजना' पुरस्कार जीता है। यह पुरस्कार 13 सितंबर 2023 को एचआईसीसी हैदराबाद में एक शानदार समारोह में प्रदान किए गए।**



इस पुरस्कार में भारत की विभिन्न क्षेत्रों की अत्यधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। मेटल सेक्टर के प्रतिभागियों में से, भिलाई इस्पात संयंत्र सहित केवल 5 कंपनियों को 'उत्कृष्ट ऊर्जा कुशल इकाई पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। अन्य चार कंपनियां, टाटा स्टील - जमशेदपुर, आरआईएनएल - विशाखापत्तनम, बाल्को - कोरबा और जिंदल स्टेनलेस - हिसार हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र को कोक ओवन बैटरी प्रोजेक्ट में, चार्जिंग प्लास्टिक ग्रेन्यूल्स के लिए मोस्ट इनोवेटिव प्रोजेक्ट का पुरस्कार भी मिला। पर्यावरण को कोई नुकसान पहुंचाए बिना, प्रभावी तरीके से प्लास्टिक का उपयोग करने के लिए, इस परियोजना को न्यायाधीशों के पैनल से बहुत सराहना मिली। सीआईआई-उत्कृष्ट ऊर्जा कुशल इकाई पुरस्कार और सर्वाधिक नवोन्वेषी परियोजना पुरस्कार विजेताओं का मूल्यांकन विभिन्न स्तरों पर किया गया। प्रतिभागियों का मूल्यांकन उनके संबंधित आवेदन दस्तावेजों और न्यायाधीशों के एक पैनल द्वारा उनकी जांच के आधार पर भी किया गया। मेटल सेक्टर के दिग्गजों ने, इन पुरस्कारों के लिए निर्णायकों की भूमिका निभाई और प्रतिभागियों की पहल की प्रस्तुति का निर्णय लिया, जिसके बाद एक प्रश्नोत्तरी सत्र हुआ। पुरस्कार ट्राफियां और प्रशंसा प्रमाण पत्र बीएसपी की टीम को प्राप्त हुए। यह पुरस्कार संपूर्ण सेल-बीएसपी बिरादरी को समर्पित था और एक समारोह में कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (ईएमडी) राकेश जोशी, मुख्य महाप्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) टी के कृष्ण कुमार और मुख्य महाप्रबंधक (पर्यावरण प्रबंधन) दिव्येंदु लाल मोइत्रा को 04 अक्टूबर, 2023 को सौंपा गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950